

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 स्विगी ने अपने ईजीएम में आईपीओ को लेकर | सम्पादकीय | तमाम कोशिशों के बावजूद | पेमेंट कंपनी पेयू को नए ग्राहक जोड़ने की 5

वर्ष 18 ● अंक 103 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online ग्वालियर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का बंटवारा कराया: पीएम मोदी

## कांग्रेस लोगों के घर व जेवरात हड़पना चाहती है












## प्रधानमंत्री ने मुरैना प्रत्याशी शिवमंगल सिंह, भिण्ड प्रत्याशी संध्या राय व ग्वालियर प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में ली विशाल जनसभा

### केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेशाध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा सहित अनेक नेता रहे मंचासीन

*-गोपाल सिकरवार, ब्यूरो चीफ-*

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं वीरों की भूमि को, मुरैना की मिट्टी को श्रद्धापूर्वक नमन् करता हूं। आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी अपने संकल्प को लेकर चल रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि चंबल के लोग वो दौर कैसे भूल सकते हैं, जब कांग्रेस ने यहां की पहचान खराब कानून व्यवस्था के लिए बना दी थी। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। श्री मोदी ने यह बात स्थानीय एसएएफ ग्राउण्ड पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेशाध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा सहित मुरैना प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर, भिण्ड-दतिया प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय, ग्वालियर प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह सहित मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, प्रद्युम्न सिंह तोमर, नारायण सिंह कुशवाह, राकेश शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व विधायक राकेश मावई, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, पूर्व मंत्री माया सिंह, पूर्व विधायक कमलेश जाटव, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्रीमती सरला रावत, रघुराज सिंह कंषाना, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव, पूर्व विधायक परशुराम मुदगल, बलवीर डण्डौतिया, अजब सिंह कुशवाह, सूबेदार रजौधा, गिर्राज डण्डौतिया, बाबूलाल मेवरा आदि मौजूद थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के टुकड़े कर दिए थे। कांग्रेस फिर भी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अब वह कुर्सी के लिए छटपटा रही है। कुर्सी के लिए अलग-अलग खेल खेल रही है। कांग्रेस से शहजादे को मोदी का अपमान करने में मजा आ रहा है। वो कुछ भी बोलते जा रहे हैं, और मैं देख रहा हूं कि सोशल मीडिया में, टीवी में लोग चिंता जता रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना ठीक है। मेरी आपसे विनती है कि आप लोग इस बात पर गुस्सा मत कीजिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने चंबल का पूरा ख्याल रखा है। अब पार्वती लीज परिजोयना से सिंचाई की समस्या दूर होगी। बीजेपी सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के वो लोग अनुभव कर सकते हैं, जिन्होंने कांग्रेस सरकार का दौर देखा है। 04 जून से हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास नई गति को पकड़ लेगा। कांग्रेस ने जवानों की वन रैंक वन पेंशन को लागू नहीं किया। उसकी सरकारों ने जवानों के हाथ बांध रखे थे। हमने उन्हें खुली छूट दी। अब अगर पाकिस्तानी एक गोला फेंकेंगे, तो भारत से 10 तोपें चल जाएंगीं। अब बीजेपी स्व सहायता समूह की दीदियों को लाभ पहुंचा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे बढ़-चढ़कर कह रहे हैं कि आपकी सम्पत्ति का एक्सरे होगा। आपकी अलमारी में क्या पड़ा है, माता-बहनों ने डिब्बे में क्या रखा है। एक्सरे करके खोजा जाएगा। आप जो कमाई करते हैं, हमारी माता-बहनों के पास स्त्रीधन होता है। मंगलसूत्र हो या छोटा मोटा गहना हो इसे पवित्र माना जाता है। कांग्रेस उसे बांटने का जतन कर रही है। उनका मैनीफेस्टो मुस्लिम लीग का सोच वाला है। उसे बांटने की सार्वजनिक घोषणा कर रही है। इनका मेनीफेस्टो पूरी तरह मुस्लिम लीग की सोच का है। एक्सरे करके लूट की योजना बना रहे हैं। आपकी संपत्ति छीनने का अधिकार देंगे क्या। इतना ही नहीं, इससे भी संतुष्ट नहीं है। ये स्वर्गवास के बाद भी आपकी संपत्ति है जो बेटे या बेटी को मिलनी चाहिए। वह भी कांग्रेस सरकार छीन लेगी। आपकी कमाई का आधे से ज्यादा कांग्रेस छीन लेगी। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे, यह मोदी की गारंटी है। इसमें आपकी भी बड़ी भूमिका है। सभा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेशा भाजपाध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अशोकनगर व राजगढ़ में

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**अशोकनगर/राजगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को अशोकनगर एवं राजगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगें। इस दौरान श्री शाह अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को प्रातः 10.50 बजे भोपाल से गुना के लिए प्रस्थान करेंगे। आप प्रातः 11.45 बजे अशोकनगर जिले में पिपरई के मंडी केंपस में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शाह दोपहर 1.30 बजे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं, देश के 140 करोड़ लोगों के लए चुनाव लड़ रहे हैं

**इंदौर/झाबुआ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी एवं झाबुआ-रतलाम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनिता चौहान के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कराने के बाद जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत में चुनाव लड़ती है, लेकिन बात अमेरिका के कानून की करती है। राहुल गांधी के गुरू कहते हैं कि अमेरिका में कानून है कि घर के मुखिया के निधन के बाद उसकी 40 प्रतिशत प्रापर्टी बच्चों के पास और 60 प्रतिशत सरकार के पास चली जाती है। कांग्रेस अमेरिका की बात करती है तो चुनाव भी अमेरिका में ही जाकर लड़े। ये कांग्रेस हमारे देश के गरीबी, दलितों, मध्यमवर्गीय परिवार सहित हम सबकी कमाई को हड़पना चाहती है। देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आंधी है और इस आंधी में घमंडिया गठबंधन पूरी तरह धराशायी हो जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर वर्षों तक इस देश की सत्ता चलाई। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर अब तक कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाने का नारा देती रही, लेकिन ये देश से गरीबी कभी नहीं हटा पाए। गरीबों को इन्होंने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए उपयोग किया। अब फिर से देश के लोगों को गरीबी हटाने का झांसा दे रहे हैं, लेकिन अब जनता को इनके झांसे में नहीं आना है। अब ये फिर से एक बार देश की जनता को पागल बनाने के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, जो गरीबों, दलितों, किसानों, मुस्लिमों सहित सभी वर्गों को समान रूप से देखती है और सभी के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने परिवार एवं अपने खानदान के लिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, वे तो देश की 140 करोड़ जनता के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, ताकि सभी को उनका हक और अधिकार मिल सके।

विकास की नहीं आएगी कोई कमी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश एवं प्रदेश में विकास की कोई कमी नहीं आएगी। हर व्यक्ति को उसके अधिकार का हिस्सा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक अपने लिए घर तक नहीं बनवाया, लेकिन उन्होंने देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को उनका आशियाना बनवाकर दिया। एक समय था जब कभी दिन में भी झाबुआ जाना पड़ता था तो राम-राम कहकर जाना पड़ता था, लेकिन अब यहां पर 324 करोड़ से दिल्ली-मुंबई मार्ग दिया। 24 हजार 434 करोड़ से विकास कार्य कराए गए। 287 करोड़ की 48 सिंचाई परियोजनाएं दी गईं। 16 सीएम राईस स्कूल दिए गए। 193 करोड़ के विभिन्न अस्पताल दिए गए। यह स्थिति कभी रामराज्य में थी तो अब भाजपा के मोदीराज में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के राज में गरीबों को निःशुल्क राशन मिल रहा है, माताओं, बहनों को गैस सिलेंडर मिल रहा है। युवाओं, मजदूरों को अब काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है, उनके लिए यहीं पर उद्योग धंधे शुरू करवाए। यह सरकार गरीबों की सरकार है।

## अमेरिका के 25 विश्वविद्यालयों में इजराइल विरोधी प्रदर्शन

### 100 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार

### नेतन्याहू बोले- यहूदी विरोधियों ने कॉलेजों पर कब्जा किया

आर.एन.एस.

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। कोलंबिया, लॉस एंजिल्स और ऑस्टिन समेत देशभर के 25 विश्वविद्यालयों में ये प्रदर्शन जारी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अब तक 100 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ये गाजा में इजराइल के हमले रोकने की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन दबाने के लिए यूएस नेशनल गार्ड को लाने की भी संभावना जताई गई है।

अमेरिका में नेशनल गार्ड्स की तैनाती बड़े खतरों से निपटने के लिए की जाती है। बुधवार को प्रदर्शन बढ़ने से छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। इस दौरान टेक्सास यूनिवर्सिटी में 34 स्टूडेंट्स और सदर्न कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में 93 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के टेंट उखाड़ दिए।150 प्रदर्शनकारियों को कॉलेज से निकालने की चेतावनी दी गई। दूसरी तरफ, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार इन प्रदर्शनों पर बयान जारी किया। उन्होंने कहा, अमेरिकी यूनिवर्सिटी में इजराइल की जंग के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन भयानक रूप ले रहे हैं। यहूदी विरोधियों ने विश्वविद्यालयों पर कब्जा कर लिया है। वे इजराइल को मिटाना चाहते हैं। यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों को निशाना बनाया जा रहा है। इन्हें तुरंत रोकने की जरूरत है।

## लोकसभा चुनाव : आज होगा द्वितीय चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार 26 अप्रैल को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी।

पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गई थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है।



एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21 प्रतिशत यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 390 यानी 33 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

## जैसलमेर में वायुसेना का टोही विमान क्रैश!

आर.एन.एस.

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में गुरुवार सुबह भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर के पिथला गांव के समीप क्रैश हुआ। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के साथ-साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गौरतलब है कि जैसलमेर में पूर्व में भी टोही विमान गिरने के हादसे हो चुके है।

जानकारी के मुताबिक जैसलमेर में पिथला गांव के समीप एक खेत में सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश हो गया। मानव रहित प्लेन क्रैश होने से इलाके में दहशत फैल गई। इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। विमान के गिरने के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग भी जुट गए।



ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद विमान में लगी आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद ही एयरफोर्स के अधिकारी और अन्य कार्मिकों की टीम ने मौकास्थल पर पहुंचकर विमान को कब्जे में लिया। बताया जाता है कि तकनीकी खामी के कारण विमान गिर गया। फिलहाल, एयरफोर्स के अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।

# मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया सीधी का दौरा










-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग का एक दिवसीय संक्षिप्त सीधी दौरा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल, जायसवाल समाज सीधी के जिला अध्यक्ष शिवलाल (बबलू) जायसवाल के भतीजे के तिलकोत्सव एवं विवाह समारोह में होटल इंद्राराज पैलेस, सिंगरौली रोड, सीधी में भी शामिल हुए।

सबसे पहले सुबह मंत्री जी रीवा से प्रस्थान नया बस स्टैंड सीधी के पास स्थित होटल सेवन इलेवन में जायसवाल समाज के राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल के अध्यक्षता में आयोजित जिला अध्यक्ष जायसवाल महासभा जिला सीधी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक रामनिहोर जायसवाल, कटनी जिला के जिला अध्यक्ष शारदा प्रसाद जायसवाल, सीधी जिला के महासचिव मुगल्लेश जायसवाल, सीधी जिला युवा संयोजक डॉ. राहुल जायसवाल, सीधी जिले के युवा अध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री शुभम जायसवाल, रीवा जिला उपाध्यक्ष रामानुज जायसवाल, रीवा जिला संगठन मंत्री रविंद्र जायसवाल गोबिंदगढ़, एसआईटी कालेज सीधी के प्राचार्य राजभान जायसवाल, चंद्रभान जायसवाल टीकठ, पूर्व सरपंच हड़बड़ो रामगोपाल जायसवाल, उप सरपंच रामगढ़ इंजी. राजेंद्र जायसवाल, राजेश जायसवाल नौगमा, हरिनाथ जायसवाल सीधी, पूर्व सरपंच खाम्ह संतकुमार जायसवाल, शिवदीन जायसवाल, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल मोनू, शिवभान जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल मऊगंज, प्रमोद जायसवाल रामगढ़, पत्रकार मनोज जायसवाल, पत्रकार राजकुमार जायसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में समाज एवं संगठन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा समाज को संगठित होने एवं जन सेवा के कार्य सर्वसमाज के लिए करने का मार्गदर्शन दिया गया। मंत्री जी द्वारा कहा गया कि आपके सीधी में हमारे समाज के गौरव राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल रहते हैं। इनके मार्गदर्शन में आप लोग निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क रक्तदान शिविर, गर्मी में निःशुल्क प्याऊ एवं अन्य प्रकार से समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं मदद करें मैं आप सभी का समय-समय पर यथोचित सहयोग करता रहूंगा। मध्य प्रदेश शासन द्वारा गरीबों के लिए जनकल्याण की चलाई जा रही योजनाओं को की जानकारी जनता तक पहुंचाने का कार्य भी आप सभी करें, इससे शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच सके। हम सभी राजनीति के माध्यम से समाज सेवा करते हैं और राजनीति के माध्यम से की गई समाज सेवा तभी सार्थक होगी जब जन सामान्य को उसका संपूर्ण लाभ मिले, सीधी जिले में जयसवाल समाज की आबादी लाखों में है और अगर जयसवाल समाज के सभी संपन्न लोग पूर्ण सहयोग करें तो समाज सेवा का नया आयाम स्थापित कर सकते है। आप लोग संपूर्ण समाज में जायसवाल समाज का गौरव बढ़ाएंगे। साथ ही मंत्री जी ने कहा कि समाज को उच्च शिक्षित करिए, समाज को संगठित करिए, और समाज को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी संघर्ष करिए, आयोजन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल द्वारा मंत्री जी के दिए गए मार्गदर्शन पर कार्य करने का सभी सहयोगियों को तरीके बताए गए एवं निर्धारित किया गया कि प्रत्येक माह समाज की एक बैठक जरूर आयोजित की जाएगी। आयोजन का स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष शिवलाल जायसवाल (बबलू) द्वारा किया गया, एवं आभार प्रदर्शन जिला महासचिव मुगलेश जायसवाल द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात मंत्री जी जिला अध्यक्ष शिवलाल जायसवाल के घर पर पहुंचकर उनके परिवारजनों एवं विवाह बंधन में जनपद बंधने जा रहे नवयुवक सुजीत जायसवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात् होटल इंद्राराज पैलेस, सिंगरौली रोड, सीधी में तिलकोत्सव एवं वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

## निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारो के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

# योजनाओं के लाभार्थियों का वोट भाजपा को मिलेगा: राजाराम शिवहरे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विदिशा।** विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के ग्राम भादनेर जिला विदिशा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के समर्थन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं लोकसभा विदिशा के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने यादव समाज की बैठक को संबोधित किया। राजाराम शिवहरे ने कहा कि भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जो विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जैसे- आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि, अन्न वितरण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, स्वरोजगार योजना, संबल योजना आदि योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों को संपर्क स्थापित कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करायें, ताकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान इस बार सर्वाधिक मतों से विजयी हो। इस बैठक को लोकसभा के सह प्रभारी नरेश यादव सोशल मीडिया सदस्य अनिल राय ने भी संबोधित किया। बैठक में विपिन यादव, मनोहर यादव, अभिषेक यादव, लोकेश यादव, शुभम यादव, सुदेश यादव, भूपेंद्र यादव, प्रदीप यादव, दीपू यादव, नरेश यादव, आयुष यादव, यदुनंदन यादव, पूरन सिंह, हर्षित यादव, ओंकार सिंह, चरण सिंह, अमन सिंह यादव, देशराज यादव, बृजेश यादव, रिंकू यादव, अंकित यादव, राधेश्याम शिवहरे आदि मौजूद थे।



# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जायेंगे माइक्रो ऑब्जर्बर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने बेबकास्टिंग या सीसी टीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं । निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ( केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो ऑब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो ऑब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो ऑब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो ऑब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो ऑब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो ऑब्जर्बर बनाया जा सकेगा।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो ऑब्जर्बर को मतदान सबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें प्रेक्षण के कार्य जो उनसे अपेक्षित हैं तथा रिपोर्ट जो उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है उसके तरीके के बारे में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर को मतदान के दिन 90 मिनट पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होगा। माइक्रो आब्जर्बर मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारियों, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं तथा मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान शुरू होने एवं मतदान खत्म होने तक की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। वे मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक से लगातार संपर्क में रहेंगे और सीधे उन्हें ही अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक क्रिटिकल बूथों पर माइक्रो आब्जर्बर की तैनाती में यह ध्यान में रखना होगा कि जिस निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं, उन्हें उसकी बजाय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किया जाये। मतदान कर्मियों की तरह माइक्रो आब्जर्बर की मतदान केंद्र पर तैनाती भी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया से होगी। उन्हें भी डाकमत पत्र अथवा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट से मतदान की सुविधा दी जायेगी।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना उत्कृष्ट रहा



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** 24 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सियाराम गुर्जवार द्वारा बताया गया कि 10वीं का परीक्षा परिणाम 99.25 प्रतिशत एवं 12वीं का 99.41 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। परीक्षा प्रभारी व्याख्यात उमेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि उत्कृष्ट विद्यालय के 10वीं में 96 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं 12वीं में 93 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए जिला स्तर की मेरिट सूची में रूपाली राठौर ने दूसरा स्थान एवं छात्र विकास राठौड़ के द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार के द्वारा होनहार छात्रों का एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर-47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि आपराधिक इतिहास के विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए।

## केबल ऑपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में भारत निर्वाचन आयोग ने केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिखाई जाती है, वह पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है। केबल आपरेटरों से कहा गया है कि वे आयोग के निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। केबल आपरेटर द्वारा जिस सामग्री का प्रसारण किया जाता है उसके प्रसारण पूर्व प्रसारणकर्त्ता से घोषणा पत्र भी प्राप्त करें। वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के अन्य प्रकारों पर नजर रखी जा रही है। राजनैतिक दलों द्वारा बल्क में किए जाने वाले एसएमएस एवं वॉयस मैसेज पर भी नजर रखी जायेगी। उनकी संख्या का रिकार्ड रखा जायेगा। उम्मीदवारों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय शपथ पत्र में ईमेल आईडी एवं सोशल मीडिया एकाउंट की जानकारी देने के लिए भी कहा गया है।

# जिले में प्रतिदिन की जा रही स्वीप की गतिविधियां



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि नगर पालिका जौरा के अंतर्गत जौरा शहर में बुधवार को स्वीप की गतिविधियां संचालित की गई। प्रातः 8 बजे से टाउनहॉल इस्लामपुर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ''जौरा वोट करेगौ एवं ''सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'' के नारो के साथ शहर के विभिन्न वार्डों से होकर नगर पालिका परिषद जौरा तक विशाल रैली निकाली गई। जिसमें शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के संचालक बच्चे, शहर के समस्त बीएलओ एवं मतदाता मित्र, स्व-सहायता समूह की दीदियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं नगर पालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी ने शपथ ली कि 07 मई को मतदान करना है।

## मतदान का समय प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मुरैना-श्योपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 07 मई, 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के समय यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र के परिसर में आ जाता है तो पीठीसीन अधिकारी उसे पर्ची देकर मतदान कराएंगे।

निर्धारित समय समाप्ति से पाँच मिनट पहले तक परिसर में जितने भी मतदाता मतदान के लिए शेष होंगे उन सबको पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पर्ची दी जाएगी। इनके मतदान करने के बाद मतदान समाप्त होगा।

# मतदाता जागरूकता के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीप गतिविधियों का आयोजन जारी

## मतदान करने के लिये एम्बुलेंस पर बैनर लगवाये

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अंकित आस्थाना के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलता के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर किया जा रहा है।




मुरैना जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिये आमजन को प्रेरित करने के लिए खासकर युवाओं वर्ग एवं उन वोटरों को जो लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर रहे है। उन्हें प्रेरित करने के लिए शपथ, संकल्प, बैनर, पोस्टर के माध्यम से संदेश दिये जा रहे है। स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत ओ.पी.डी. पर्चे स्लोगन अंकित करा दिये गये हैं। 108 एम्बूलेंस प्रबंधक को भी मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये एम्बूलेंस पर बैनर लगवाये जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मुरैना वासी अपने मत का प्रयोग करें। इस महायज्ञ में अपनी आहूति दे। स्वास्थ्य विभाग भी मतदाता जागरूकता के लिये निरन्तर जागरूकता की गतिविधियाँ आयोजित कर रहा है। ताकि मुरैना में 07 मई 2024 को लोकसभा चुनाव शत-प्रतिशत मतदान हो।

# तीन हजार के इनामी को अवैध हथियार सहित दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अपहरण के मामले में बीते 8 साल से फरार चल रहे बदमाश को पहाड़गढ़ थाने की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए है। बदमाश की गिरफ्तारी पर एसपी मुरैना ने तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था।

जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार को बुधवार को सूचना मिली कि अपहरण एवं 11, 13 एमपीडीपीके एक्ट के मामले में फरार बदमाश बहरारा माता मंदिर के पास जंगल में देखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर जंगल में सर्चिंग की। इसी दौरान पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए है। पुलिस ने बताया कि बदमाश के ऊपर तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्र्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरी. राजेन्द्र सिंह परिहार, एसआई एनके गौरसिया, एएसआई रामबाबू नीबोरिया, प्र.आर. देवेन्द्र बघेल, आर. प्रदीप जाट, अर्जुन, विजय जाट, सुमित, मोहन, राजेश शामिल थे।

## निर्माणाधीन तालाबों में मजदूरों के बीच संचालित की स्वीप की गतिविधियां

**मुरैना।** ग्राम पंचायत पहाड़गढ़ में प्रगतिरत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, अधिकारियों ने मजदूरों के बीच मतदान करने की शपथ दिलाई। कहा कि 07 मई को सभी लोग मतदान करेंगे और अपने-अपने घरों में सभी को मतदान करने के लिये प्रेरित करेंगे। इस प्रकार का संकल्प मजदूरों को दिलाया गया।





# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा गुरूवार

**- दिनभर जंगल में जगह जगह लगी आग**
**- गोपांचल पर्वत व कलेक्ट्रेट पहाड़ी के पीछे वन क्षेत्र में सर्वाधिक नुकसान होने की खबर**

**ग्वालियर।** गुरूवार को इस सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा। पहली बार अधिकतम तापमान 41 डिसे पर पहुंच गया। यह सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इससे पहले 19 अप्रैल को दिन के तापमान ने रिकार्ड तोड़ते हुये 40.7 डिसे आंका गया था।

गुरूवार को फिर से दिन का पारा बढ़कर 41 डिसे तक जा पहुंचा। उधर गुरूवार को जंगल में कई जगह आग लगने की खबरें सुनने को मिली। शहर के निकट वन क्षेत्रों में सर्वाधिक आगजनी की घटना घटित हो गई। यह खबरें वन विभाग के सर्वाधिक परेशान करने वाली वन विभाग के लिये सर्वाधिक परेशान करने वाली साबित



हुई। क्योंकि जंगल की आग बुझाने के लिये दमकल वाहन काम काम नहीं कर पाते है। ऐसे में वन कर्मचारियों को ही पुरानी पद्धति से आग पर काबू किया जाता है। गुरूवार को सबसे पहले सूचना मिली कि सांतउ नयागांव के जंगल में आग लग गई है। इस आग से घाटीगांव का जंगल भी प्रभावित हो सकता है। इसके बाद छोंडा वन चौकी अंतर्गत अजयपुर वोट में आग लग गई। वहां से वन अमला आग बुझाकर वापस लौट पाता तब तक फूलबाग गोपांचल पर्वत के जंगल में भी आग लग गई। उधर कलेक्ट्रेट पहाड़ी के पीछे औधपुर बीट में आग ने कुछ ही देर में एक बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। लगभग ढाई हैक्टेयर वन भूमि की झाड़ियां आदि जलकर राख हो गई। वन अधिकारियों ने बताया कि बड़ी सूझबूझ से आग पर काबू पाया था। नहीं तो और बड़ा हादसा हो जाता।

# मंडप में बैठा प्रेमी पुलिस को देखकर भागा

**– प्रेमिका की शिकायत पर प्रेमी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज**

**ग्वालियर।** मंडप में पुलिस को आया देखकर हड़कंप मच गया, क्योंकि पुलिस दूल्हें को तलाश रही थी। अभी लोग काना-फुंसी कर रहे थे कि तभी दुल्हा मौके से भाग निकला। क्योंकि दूल्हे की फेसबुक मित्र ने उसके खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की है। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर की है। पुलिस दूल्हे की तलाश कर रही है।

जडेरूआ जाट धर्मशाला पिण्टो पार्क निवासी 23 वर्षीय युवती छात्रा है। छात्रा महिला थाना पहुंची और शिकायत की है कि वर्ष 2020 में उसकी दोस्ती सुभाष नगर हजीरा निवासी कुशल कुमार सूत्रकार से हुई थी। दोस्ती के बाद उनके बीच मुलाकात होना शुरू हो गई और वह उसके घर आने जाने लगा। इसी बीच एक दिन वह घर पर अकेली थी तो कुशल उससे मिलने के लिए उसके घर आया और उसे अकेला देखकर उसके साथ गलत काम किया।

वारदात के बाद पीडिता ने शिकायत की तो आरोपी ने उसे बदनाम करने की धमकी दी और इसके बाद वह उसे गांधी नगर स्थित होटल सम्यक व सिद्धार्थ पैलेस में ले जाकर ब्लैकमेल कर उसका शोषण करता रहा। इसके बाद वह उसे शादी का झांसा देने लगा और वादा किया कि वह उससे शादी करेगा। सब कुछ ठीक चल रहा था और छात्रा उसके साथ शादी के सपने देख रही थी। कुछ दिनों से कुशल युवती से दूर हो रहा था तो दो दिन पहले छात्रा को एक दोस्त से पता चला कि कुशल की 26 अप्रैल को शादी है। इसका पता चलते ही उसने कुशल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद पीडिता महिला थाने जा पहुंची और पुलिस से शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

जिस समय पुलिस कुशल के घर पर पहुंची, वहां पर मंडप की तैयारी चल रही थी और चारों तरफ हंसी-ठहाके गूंज रहे थे और जैसे ही पुलिस ने घर में प्रवेश किया, हर तरफ ऐसी खामौशी छा गई। महिला थाना प्रभारी दीप्ती सिंह तोमर के अनुसार युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी के घर पर दबिश दी तो आरोपी फरार हो गया है,उसके संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# फेल होने पर 10वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

**ग्वालियर।** दसवीं की परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाडिया पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। घटना का पता सुबह चला जब छात्रा अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजन उसे जगाने पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन निकल गई, क्योंकि कमरे में छात्रा फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी।

जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाडिया निवासी सोलह वर्षीय मुस्कान रजक पुत्री संतोष रजक दसवीं की छात्रा है और बीते रोज उसका रिजल्ट आया, जिसमें वह फेल हो गई थी। इसके बाद वह चुपचाप अपने कमरे में चली गई थी और रात का खाना भी अनमने मन से खाया। सुबह जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो छात्रा की मां सुनीता उसे जगाने पहुंची। काफी देर दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से ना तो कोई प्रतिक्रिया हुई और ना ही मुस्कान ने कोई जबाव दिया। जब उसने जोर से दरवजे को धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया और उसकी नजर सामने गई तो चीख निकल गई, क्योंकि सामने मुश्कान फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसकी चीख सुनकर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी नब्ज टटोली तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस भेज दिया है। बताया गया है कि मुस्कान पढ़ाई में कमजोर थी और दसवीं की परीक्षा में वह गणित, संस्कृत और अंग्रेजी में फेल हो गई थी।

## घूमता मिला जिलाबदर दबोचा

**ग्वालियर।** एक साल के लिए जिलाबदर किया गया बदमाश बिरला नगर के पास घूमता मिला है। पुलिस ने जिलाबदर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हजीरा थाना पुलिस ने बताया कि बीते रोज सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए बिरला नगर पुल के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदेही युवक को दबोच लिया और थाने लाकर पूछताछ की तो उसकी पहचान चरन उर्फभीम सिंह जादौन पुत्र रविन्द्र सिंह जादौन के रूप में हुई और पता चला है कि उसे एक साल के लिए जिलाबदर किया गया है। पुलिस ने जिलाबदर के खिलाफमामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटर कारों के बीच बैठकर जला रहा था आग, स्थानीय लोगों ने किया हंगामा

**ग्वालियर।** आधी रात को कारों के पास एक युवक आग जला रहा था, युवक को आग जलाते देखकर वहां के रहवासियों ने उसे पकड़ कर हंगामा कर दिया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पारख जी का बाड़ा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे की है। पकड़ा गया बदमाश थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। उसका कहना है कि वह तो गांजा पीने आया था और गांजा जलाने के लिए आग जला रहा था। मामले का पता चलते और हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदेही भाग निकला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे एक युवक को बाहर खड़ी कारों के बीच एक युवक को आग जलाते हुये राहगीरों ने देखा। कारों में आग लगने की शंका के चलते रहवासियों ने पड़ोसियों को सूचना दी और युवक को पकड़ लिया। युवक पास का ही रहने वाला नरेन्द्र है और वह पुराना बदमाश है। मामले का पता चलते ही अन्य लोग भी आ गए और हंगामा शुरू कर दिया। आधी रात को हंगामा होने का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस पर नजर पड़ते ही युवक भाग निकला। लोगों का कहना है कि पकड़ा गया युवक नशे में था और वाहनों में आग लगाने के लिए आया था। पकड़े जाने पर वह झूठ बोल रहा था कि वह गांजा पीने आया था। पीडितों का कहना है कि समय रहते अगर वह मौके पर नहीं पहुंचते तो आरोपी कई वाहनों को फूंक जाता। फिलहाल पुलिस भागे युवक की तलाश कर रही है, जिससे मामले की सच्चाई सामने आ सके। थाना प्रभारी कोतवाली रमेश सिंह का कहना है कि हंगामे की सूचना आई थी, पुलिस मौके पर पहुंची तो संदेही युवक भाग निकला, लोगों का कहना है कि वह वाहनों में आग लगाने आया था। मामले की जांच की जा रही है।

## नशा में धुत कार चालक डिवाइडर से टकराया

**ग्वालियर।** नशे मे धुत एक कार सवार टर्न लेते समय अनियंत्रित हो गया और कार डिवाइडर से टकरा गई। कार के बैलून खुलने से कार सवार हादसे का शिकार होने से बच गया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही चालक फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को क्रेन की मदद से हटवाया और ममले की पड़ताल शुरू कर दी है। जिस जगह यह हादसा हुआ है वह काफी व्यस्त मार्ग है और हर समय यहां पर वाहनों की लाइन लगी रहती है। रात का समय होने पर हादसा टल गया।

## घर में घुसकर मां व भाइयों को पीटा

**ग्वालियर।** रंजिश का बदला लेने के लिए दंपति बेटे के साथ घर में घुस आए और लाठी-सरिया से मारपीट कर मां व भाइयों को जमकर पीटा। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के नितिन नगर की है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के कुलदीप तिवारी पुत्र विद्यासागर तिवारी ने शिकायत की है कि बीते रोज उनके दरवाजे पर दस्तक हुई तो उनकी मां शंकुतला तिवारी ने दरवाजा खोला तो बाहर उनका भाई सुदीप तिवारी, सुदीप की पत्नी मनीषा और बेटा अर्व के साथ उनके घर के अंदर दाखिल हुआ और मां की मारपीट की, जिससे मां बेहोश हो गई। जब वह तथा उनके भाई प्रदीप तिवारी पहुंचे तो हमलावरों ने उन की भी बेरहमी से मारपीट कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दी।

## गुटखा थूकने पर दो पक्ष भिड़े

**ग्वालियर।** बाइक से जा रहे युवक व युवती पर टेम्पो में सवार एक गुटखा प्रेमी ने थूक दिया, जो बाइक सवार युवक पर गिरा। बाइक सवार ने अपना वाहन रोका और टेम्पो सवार को बाहर निकाल कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों आपस में गुत्थमगुत्था हो गए। उन्हें देखकर टेम्पों में सवार युवक का साथी आ गया और बाइक सवार की पिटाई लगाने लगे तो युवती भी उनसे भिड़ गई। मारपीट होते देखकर वहां से निकल रहे अन्य वाहन चालकों ने उन्हें समझाया तो वह शांत होकर चले गए।

# गये थे शादी में, चोर दो घरों से समेट ले गये माल

**ग्वालियर।** दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए गए एक व्यवसायी के सूने घर के ताले चटकाकर चोर डायमंड रिंग के साथ ही नगदी चालीस हजार रुपए के साथ ही सोने व चांदी के गहनों सहित करीब ढाई लाख रुपए से ज्यादा का माल पार कर ले गए। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के गौकुलधाम की है। घटना का पता उस समय चला जब वह वापस लौटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। उधर गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के न्यू आदर्श नगर पिण्टो पार्क में विवाह समारोह में शामिल होने गये एक गृहस्वामी के घर के ताले चटकाकर चोर गहने गुरिया नगदी समेट ले गये।

झांसी रोड थाना क्षेत्र के गोकुल धाम निवासी त्रिलोक चंद्र गुप्ता पुत्र कैलाश नारायण गुप्ता व्यवसायी है और शिन्दे की छावनी पर उनकी राज बैटरी के नाम से दुकान है। बीते रोज वह मुरैना में अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए गए थे और घर पर ताले डाल गए थे। इसी बीच चोरों ने धाबा बोला और अलमारी में रखे चालीस हजार रुपए, एक डायमंड रिंग, तीन अंगूठी, सोने की चेन, सोने की बासूरी और चांदी का ब्रेसलेट सहित अन्य सामान पार कर ले गए। घटना का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज कर पास ही लगे कैमरे चेक किए तो वारदात को अंजाम देने वाले चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है और पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदेही चोर की तलाश शुरू कर दी है।

उधर विवाह समारोह में शामिल होने गये एक गृहस्वामी के घर के ताले चटकाकर चोर गहने गुरिया नगदी समेट ले गये। गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के न्यू आदर्श नगर पिण्टो पार्क निवासी मुकेश कुमार प्रजापति पुत्र धनीराम प्रजापति दो दिन पहले जौरा मुरैना में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पत्नी व बच्चों के साथ गए थे और घर पर ताले डाल कर पड़ोसियों से मकान की देखरेख करने की बोला था। बीते रोज उन्हें पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनके घर के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही वह वापस आए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। चोर यहां से दस हजार रुपए नगदी सहित सोने व चांदी के जेवर पार कर ले गए है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# विधानसभा क्षेत्रवार हुआ मतदान दलों का निर्धारण

**ग्वालियर।** जिले में लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मतदान सम्पन्न कराने के लिये बुधवार को मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिए प्रेक्षक कृष्णा आदित्य की मौजूदगी में मतदान दलों का विधानसभा क्षेत्रवार रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

मतदान दलों के द्वितीय चरण के रेंडमाइजेशन के बाद अब किस विधानसभा क्षेत्र में कौन से मतदान दल चुनाव करायेंगे, यह तय हो गया है। लेकिन कौन सा मतदान दल किस मतदान केन्द्र पर मतदान संपादित करायेगा, इसका फैसला तृतीय चरण के रेंडमाइजेशन के बाद होगा। कुल मतदान केन्द्रों के हिसाब से 10 प्रतिशत ज्यादा मतदान दलों का रेंडमाइजेशन बुधवार को किया गया। ज्ञात हो जिले में 1680 मतदान केन्द्र हैं। इनसे 10 प्रतिशत ज्यादा अर्थात 1848 मतदान दलों का रेंडमाइजेशन हुआ है।

## 12वीं में मुस्कान मिश्रा का मेरिट में प्रथम स्थान

**ग्वालियर।** सत्र 2023 - 24 में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार की मुस्कान मिश्रा ने कक्षा 12वीं गृह विज्ञान संकाय में 408 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पिपरौलिया एवं गृह विज्ञान प्रभारी श्रीमती मंजू अग्रवाल, गृह विज्ञान शिक्षिका श्रीमती अंजना तिर्की, श्रीमती नीरू कुशवाह, काजल सक्सेना, श्रीमती मंजू पुरोहित, विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती कीर्ति, श्रीमती ममता अग्रवाल श्रीमती वंदना गुप्ता, श्रीमती विमलेश वर्मा आदि ने मुस्कान मिश्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 6 मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शासकीय सेवक करायेंगे मतदान, प्रशिक्षण भी दिया

**ग्वालियर।** लोकसभा निर्वाचन के लिये जिले में आधा दर्जन ऐसे मतदान केन्द्र होंगे जहाँ मतदान कराने वाले सभी शासकीय सेवक दिव्यांग होंगे। ये सभी दिव्यांग मतदान दल मतदान कराने के लिए उत्साहित व आतुर हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरूवार को इन दलों के साथ बैठकर चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्हें मतदान कराने की बारीकियाँ भी सिखाई।

प्रशिक्षण में उन्हें भरोसा दिलाया कि उन्हें जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कराने में हरसंभव सहयोग दिया जायेगा। साथ ही सभी



6 मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शासकीय सेवकों के लिये बेहतर से बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्रीमती अंजू अरूण कुमार ने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिलाया। साथ ही आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

# कांग्रेसियों ने सर्राफा बाजार में जनसंपर्क कर वोट मांगें

**ग्वालियर ।** कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक के समर्थन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजनों ने सराफा बाजार में जनसंपर्क कर वोट मागें। कांग्रेस का जनसंपर्क चुनाव कार्यालय से प्रारंभ हुआ।

कांग्रेसजन 17 ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के सराफा बाजार, डीडवाना ओली, गस्त का ताजिया के प्रमुख बाजार, गली, मौहल्लों में पहुंचे और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने की अपील की। जनसंपर्क में पूर्व अध्यक्ष चंद्रमोहन नागोरी, कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, अमर सिंह माहौर, इब्राहिम पठान, संगठन मंत्री सुरेंद्र यादव, श्रीमती रश्मि पवार शर्मा, योगेंद्र तोमर, सरमन राय, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता धर्मेंद्र शर्मा, मंगल यादव, युवा कांग्रेस के



राष्ट्रीय सचिव हैवरण सिंह कंषाना, चतुर्भुज धनौलिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार, आईटी सेल के आदित्य सेंगर, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू अनूप शिवहरे, कैलाश चावला, राकेश शर्मा, अब्दुल हमीद, राम प्रकाश शिवहरे, संजीव दीक्षित, गोविंद दास अग्रवाल, रामनरेश परमार, गजेंद्र अस्थाना, बाबूलाल चोरसिया, जीवाजी राव मंडोले, राघवेंद्र भार्गव, विजय शर्मा, सोनू राजावत, रवि शाक्य सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मिलित थे।

## विज्ञान महाविद्यालय में प्रदान किए गए बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड

**ग्वालियर।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार के प्रमाण - पत्र



प्रदान किये गये। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीपीएस जादौन, डॉ एसएस सेंगर, डॉ आरके खरे द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र आदित्य दोहरे, श्रेया तोमर को दिया गया। विश्व वसुंधरा दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कु. खुशी बाथम को प्रदान किया गया. ये पुरस्कार माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराये गये। संचालन डॉ किरण भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में डॉ व्हीके गुप्ता, डॉ नीलम भटनागर, डॉ शेर सिंह, डॉ केके पराशर, मनोज पाल आदि उपस्थित थे। अंत में विजेता विद्यार्थियों ने अपना फिड्बैक दिया।

## मतदाताओं को जागरूक करने चला डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान

**ग्वालियर ।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। बुधवार को सात भाई की गोंठ माधवगंज में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि हमें मतदान करके अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना चाहिए। हमें मतदान करते समय जाति, धर्म, लोभ, भाषा वर्ग से प्रभावित हुए बगैर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया।

# विप्रा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, मरीजों की नि :शुल्क जांचें भी हुई

**ग्वालियर।** विप्रा ब्राह्मण महिला मंच के तत्वावधान में कटोराताल स्थित निजी क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर में डॉ. रामेश्वर गुप्ता ने हड्डियों की जांच की। वहीं छाती रोग, स्त्री रोग, दांतों का चेकअप, मलेरिया, शुगर, बीपी की जांच, ईसीजी, पैप्स ईस्मीयर व अन्य जांचें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की गईं। साथ ही रोगियों को उचित परामर्श देते हुए निशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में डॉ. रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि आजकल सभी महिलाओं और बुजुर्गों में हड्डियों की समस्या बहुत देखी जा रही है। जिसके लिए हड्डियों की जांच समय समय पर करवाना बहुत जरूरी है। बीएमडी जांच हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए इस टेस्ट के जरिए अल्ट्रासोनिक मशीन की मदद से हड्डियों के घनत्व यानी डेसिटी को परखा जाता है। साथ ही हड्डियों की कमजोरी की वजह का इस मशीन द्वारा पता लगाया जाता है। इस अवसर पर कल्पना ऋषीश्वर, अनीता देपुरिया, सीमा दुबे, ज्योति शर्मा, सुमन तिवारी, वंदना शर्मा, उमा तिवारी, मुन्नी तिवारी, अर्चना शर्मा, किरन मिश्रा, सपना कुशवाह, छोटी बाई, आरती चौहान, मुस्कान, मीता अग्रवाल, सत्तर अग्रवाल, प्रेम बाई, चंद्रशेखर, शिवरान, नीतू उपमन्यु, पल्लवी शर्मा, कल्पना पाठक, निधि भार्गव, देवेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# गंदगी फैलाने वालों से साढ़े चार हजार का जुर्माना वसूला



**ग्वालियर ।** शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निगम का अमला अभियान चलाकर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई कर रहा है। गुरूवार को निगम अमले ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफकार्रवाई कर साढ़े चार हजार रूपये का जुर्माना वसूला है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर को साफसुथरा बनाये रखने के लिए निगम निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफजुर्माने की कार्यवाही त्वरित की जा रही है। जिसके तहत गुरूवार को सदर बाजार मुरार में दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फैलाई जाने पर उनसे जुर्माना वसूला।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**ग्वालियर।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड रीजनल डायरेक्ट्रेट द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर ट्रेंड यूनियन के अंतर्गत भारतीय मजदूर संघ के सदस्य तथा पदाधिकारी का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया।



ट्रेनिंग प्रोग्राम में विभाग प्रमुख भुदयाल पाठक, पेंशन एसोसिएशन के प्रमुख अरुण शर्मा एवं एडवोकेट सुधीर चतुर्वेदी उपस्थित रहे। एमईएस से बीएमएस यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भी ट्रेनिंग में हिस्सेदारी की। ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष तथा युवा शक्ति ने भी ट्रेनिंग का लाभ उठाया। रीजनल डायरेक्टर श्रीमती गरिमा गुप्ता ने ट्रेनिंग में यूनियन के समक्ष नई चुनौतियों की चर्चा की तथा व्यापक तरीके से संघ के कार्यकर्ता अपनी और संघ की क्षमता कैसे बढ़ा सकते है इस पर 2 सेशंस में गहन चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सुधीर वाडिवा शिक्षा अधिकारी ने किया।

## महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर ली मतदान की शपथ

**ग्वालियर।** मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र-15 ग्वालियर में मानव श्रृंखलाओं का आयोजन इस्लामपुरा, रामाजी का पुरा, विनय नगर, आनंद नगर, बहोड़ापुर, पीएचई कॉलोनी, लधेडी, काशीनरेश की गली, रानीपुरा, राजामण्डी, सौड़ाकुआं, नरसिहनंगर, भीकम नगर, दुर्गापुरी, शिवनगर शर्मा फार्म नौमहला वार्ड आफिस, गोसपुरा, जेसी मिल लाईन नं0-1, रसूलाबाद, बिरला नगर, रेशममील, कोटावाला मौहल्ला आदि क्षेत्रों में किया गया।

# भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**ग्वालियर।** सनातन धर्म मंदिर में गुरूवार से श्रीमद भागवत कथा का आगाज हुआ। इससे पूर्व सुबह मैनावाली गली स्थित पिपलेश्वर हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल सनातन धर्म मंदिर पहुंची।



कथा का अमृतपान कराते हुए कथा व्यास पं संतोष कांकोरिया ने कहा कि अनेक जन्मों के पुण्यफल से कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। गुरूरूपी मणि के पास जाएं, तो वो भगवत प्राप्ति करा सकते हैं। मन की शुद्धि के लिए इससे बेहतर उपाय कोई नहीं है। कभी कभी दूसरों द्वारा कथा आयोजित करने पर भी हम श्रवण नहीं कर पाते हैं, क्योकि कथा श्रवण का फल तभी मिलता है जब हमारे पुण्य उदय होते हैं। कर्म के भय से मुक्त होना चाहते हो तो कथा श्रवण करो। उन्होंने कहा कि सत्संग का लाभ तो स्वर्ग के देवताओं को भी नहीं मिलता है, यह लाभ तो धरा पर भागवत प्रेमी ही ले सकते हैं। इस मौके पर कथा परीक्षत नीता रामबिहारी दुबे, जयदेवी मिश्रा, समर्थ, प्रांजल, स्वर्णा, निकुंज, विराज, किट्टू, खुशी, माया भगवानलाल, कौशल्या कमलेश, लता संजय शर्मा, ममता लोकेंद्र मुद्गल सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## निगम ने विभिन्न वार्डो में किया फॉगिंग

**ग्वालियर ।** संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को न्यू पायगा इंद्रलोक गार्डन के पीछे पानी की टंकी, गदाईपुरा, सेवा नगर, आनंद नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, लक्ष्मीगंज, समाधिया कॉलोनी, शिंदे की छावनी, खुर्जे वाला मौहल्ला, भीम नगर, सीपी कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया।



## विभिन्न स्थानों से हटाया अवैध अतिक्रमण

**ग्वालियर ।** निगम के मदाखलत अमले ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। गुरूवार को मयूर मार्केट, थाटीपुर, मुरार, महाराज बाडे, गांधी मार्केट से यातायात में बाधक हाथ ठेलो, खाने-पीने एवं चाट के चार पहिया वाहनों इत्यादि एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही मदाखलत अमले नेसम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करते हुए विभिन्न जगहों से झन्डी, बैनर, पोस्टर, कट आउट इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई।

## अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 473वीं बैठक 28 को

ग्वालियर। अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 473वीं साप्ताहिक बैठक एवं मिनी परिचय सम्मेलन 28 अप्रैल को प्रातः 8.30 से 10 बजे तक अशोक अग्रवाल अग्रवाल मेडिकल किला गेट वालों के सी-14 द्वारका पुरी स्थित निवास पर रखी गई है। अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर परिवार के डॉ रामबाबू गोयल ने सभी अग्रबंधुओं से बैठक में अपने रिश्तेदारों के विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा लाकर वाचन करने की अपील की है।

## संपादकीय

# तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज आम लोगों की पहुंच से दूर

जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, विस्तृत और व्यावहारिक बनाने की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद हकीकत यही है कि बहुत सारे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। सामान्य बीमारियों में भी चिकित्सक इतनी तरह की जांच और दवाएं लिख देते हैं कि उसका खर्च उठाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होता है। जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आइएमए से मरीजों को दी जाने वाली महंगी और गैरजरूरी दवाओं तथा अनैतिक कृत्यों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, आइएमए ने ही पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने पर मुकदमा दायर किया था। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार को आइएमए कितनी गंभीरता से लेगा, कहना मुश्किल है।

दरअसल, हमारे यहां चिकित्सा व्यवस्था में मनमानी की परत-दर-परत चढ़ती गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लचर होने की वजह से निजी चिकित्सा व्यवस्था लगातार मजबूत होती गई और अब वह एक प्रकार के बड़े दबाव समूह के रूप में काम करने लगी है। उसमें दवा बनाने और जांच करने वाली कंपनियों का भी गठजोड़ है। आइएमए से अपेक्षा की जाती है कि वह चिकित्सा जगत में चल रही अनियमितताओं पर नजर रखे और उन्हें दूर करने का प्रयास करे, मगर वह खुद इनके लिए एक प्रकार का सुरक्षा कवच तैयार करता नजर आता है। नहीं तो, क्या वजह है कि अनावश्यक दवाएं, जांच लिखी और बेवजह मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा जाए। अनेक निजी अस्पतालों में इलाज पर आए खर्च को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आखिर चिकित्सा व्यवस्था को इतनी महंगी और आम जन की पहुंच से दूर क्यों होना चाहिए। अगर सचमुच आइएमए को लोगों की सेहत और सही चिकित्सा की परवाह है, तो उसे आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे इलाज की चिंता क्यों नहीं होनी चाहिए।

# तेल की धार : ईरान-इस्राइल संघर्ष और भारत, बड़ी चुनौती है व्यापार संतुलन

**“इससे ऐसा लगता है कि इस्राइल ने रणनीतिक दृष्टि से अपना लक्ष्य चुना है, क्योंकि इस्फहान शहर ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थलों का घर है, जिसमें इसका भूमिगत नतांज संवर्धन स्थल भी है। पश्चिम एशिया पिछले एक अप्रैल से ही उबल रहा है, जब इस्राइल ने सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया था। उसके बाद इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है, क्योंकि पहली बार ईरान ने पलटवार करते हुए सीधे इस्राइल पर हमला किया, जिसकी प्रतिक्रिया में इस्राइल ने इस्फहान में ताजा हमला किया है। दोनों धुर विरोधी मुल्कों के बीच दशकों से जो छद्म युद्ध चल रहा था, उसने अब गंभीर मोड़ ले लिया है, जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक स्थिरता के लिए चिंता बढ़ा दी है।”**



यह प्रासंगिक है कि भारत पश्चिम एशिया में आने वाले समय में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से निपटने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। इस मोर्चे पर किसी भी नीतिगत चर्चा के लिए भारत के दीर्घकालिक आर्थिक और रणनीतिक हितों का पुनर्मूल्यांकन करने और जल्द ही उत्पन्न होने वाली जरूरतों के प्रबंधन के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। बीते 19 अप्रैल को इस खबर के आते ही कि ईरान के इस्फहान शहर के करीब एक प्रमुख एयरबेस के पास एक बड़ा धमाका हुआ है, अमेरिकी अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि इस्राइल ने ड्रोन से ईरान में अपना सैन्य अभियान छेड़ दिया है। इससे ऐसा लगता है कि इस्राइल ने रणनीतिक दृष्टि से अपना लक्ष्य चुना है, क्योंकि इस्फहान शहर ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थलों का घर है, जिसमें इसका भूमिगत नतांज संवर्धन स्थल भी है। पश्चिम एशिया पिछले एक अप्रैल से ही उबल रहा है, जब इस्राइल ने सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया था। उसके बाद इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है, क्योंकि पहली बार ईरान ने पलटवार करते हुए सीधे इस्राइल पर हमला किया, जिसकी प्रतिक्रिया में इस्राइल ने इस्फहान में ताजा हमला किया है। दोनों धुर विरोधी मुल्कों के बीच दशकों से जो छद्म युद्ध चल रहा था, उसने अब गंभीर मोड़ ले लिया है, जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक स्थिरता के लिए चिंता बढ़ा दी है। पूरी दुनिया उत्सुकता से इन घटनाक्रमों को देख रही है और इसके प्रभावों की प्रतीक्षा कर रही है। यह एडवर्ड लॉरेन्ज के 'बटरफ्लाइ इफेक्ट' की याद दिलाता है, जो कहता है कि तितली के पंख फड़फड़ाने से भविष्य में हजारों मील दूर के मौसम पर प्रभाव पड़ता है। इस अवधारणा की कल्पना एक तितली द्वारा पंख फड़फड़ा कर तूफान पैदा करने से की गई है। यह ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव तथा सामान्य रूप से शेष दुनिया एवं विशेष रूप से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में सटीक है। भारत पर इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के जरिये पड़ेगा। यह इसलिए, क्योंकि भारत कच्चे तेल का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और पश्चिम एशिया वैश्विक कच्चे तेल के एक-तिहाई का आपूर्तिकर्ता है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ते ही आपूर्ति संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं। चूंकि भारत अपनी जरूरत के 85 फीसदी कच्चे तेल की पूर्ति आयात से करता है, इसलिए कीमतों में जरा-सी वृद्धि होने पर भी आयात बिल काफी बढ़ जाता है, जिससे न केवल चालू खाते का घाटा बढ़ता है, बल्कि व्यापार संतुलन भी बिगड़ जाता है। दूसरी तरफ, पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढ़ जाने से परिवहन लागत बढ़ जाती है, जो मुद्रास्फीति बढ़ाती है और आम आदमी का जीवन कठिन हो जाता है। इसके अलावा, तेल की उच्च कीमत और पश्चिम एशिया में अस्थिरता से डॉलर में मजबूती आएगी, जो भारतीय रुपये को और कमजोर करेगी और देश के समक्ष आर्थिक चुनौतियां बढ़ जाएंगी।

इसलिए यदि समय पर इसका प्रबंधन नहीं किया गया, तो इससे देश की व्यापक आर्थिक बुनियादें खतरे में पड़ जाएंगी। यह भी ध्यान देना प्रासंगिक है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फलस्तीन में हमास का समर्थन करता है और उनसे सहयोग भी लेता है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति में इस बात की बहुत आशंका है कि ईरान अरब सागर और लाल सागर में व्यापार मार्ग को बाधित करने के लिए हूती विद्रोहियों का सहयोग ले। हाल के महीनों में इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष के मद्देनजर हूती विद्रोहियों की बाधाओं के चलते पूरी दुनिया को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आशंका इस बात की है कि ईरान दुनिया के सर्वाधिक रणनीतिक महत्व के होर्मूज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है, जो फारस की खाड़ी से खुले महासागर में जाने का एकमात्र समुद्री मार्ग है। यदि ऐसा हुआ, तो वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित हो जाएगी, जिससे पूरी दुनिया में मुद्रास्फीति बढ़ने के साथ वैश्विक व्यापार में काफी उथल-पुथल होगा। कहने की जरूरत नहीं है कि भारत को भी बाधित व्यापार प्रवाह और उच्च मुद्रास्फीति और निर्यात क्षेत्र में घाटे का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के इस्राइल और ईरान, दोनों देशों के साथ रणनीतिक हित जुड़े हुए हैं।

पिछले दस वर्षों में भारत के संबंध इस्राइल के साथ काफी घनिष्ठ हुए हैं और इस्राइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ समर्थन देने के अलावा रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। भारत इस्राइल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया में सातवां सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। भारत में बड़ी संख्या में यहूदी रहते हैं और इस्राइल में भी 18,000 भारतीय रहते हैं, जो वहां इस्राइली बुजुर्गों की देखभाल करते हैं, सॉफ्टवेयर पेशेवर हैं, हीरा व्यापारी और छात्र हैं। जब इस्राइल ने हालिया संघर्ष के बाद अपने देश में फलस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया, तो भारत ने काफी श्रमिक इस्राइल भेजे। इस प्रकार भारत के इस्राइल के साथ रणनीतिक संबंधों के अलावा व्यापार, रक्षा और लोगों के आपसी संबंध भी हैं। दूसरी तरफ ईरान से भी भारत के पुराने संबंध हैं और इसे ईरान की भी उतनी ही जरूरत है, जितनी इस्राइल की। यह इसलिए कि भारत के मध्य एशियाई देशों, विशेष रूप से कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान आदि जैसे पूर्व सोवियत गणराज्य के राज्यों से रणनीतिक हित और ऐतिहासिक संबंध हैं। इन देशों में बड़े पैमाने पर हाइड्रो कार्बन के भंडार हैं। इन संसाधनों तक भारत की पहुंच और इन देशों से मजबूत आर्थिक और व्यापारिक रिश्तों को जारी रखने के लिए ईरान से होकर गुजरने वाले मार्ग की आवश्यकता है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के अच्छे संबंध नहीं हैं। हालांकि अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते भारत ईरान से तेल नहीं खरीदना चाहता है, जबकि चीन लगातार ईरान से तेल खरीद रहा है। ऐसे में चीन की ईरान में बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व का मुकाबला करने और मध्य एशिया तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ईरान से सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखना जरूरी है। इस पृष्ठभूमि में, यह प्रासंगिक है कि भारत पश्चिम एशिया में आने वाले समय में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से निपटने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। इस मोर्चे पर किसी भी नीतिगत चर्चा के लिए भारत के दीर्घकालिक आर्थिक और रणनीतिक हितों का पुनर्मूल्यांकन करने और जल्द ही उत्पन्न होने वाली जरूरतों के प्रबंधन के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

(लेखक एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के प्रमुख हैं।)

# अंतरराष्ट्रीय राजनीतिः मुइज्जू और मालदीव की मुश्किलों के बीच नहीं होगा भारत की नीतियों में बदलाव

क्या मालदीव, जो 90,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर में फैले 26 प्रवाल द्वीपों के आसपास करीब 1,200 मूंगा द्वीपों से बना है, अपने भविष्य पर ध्यान देगा? यदि ग्लोबल वार्मिंग मौजूदा गति से ही जारी रही, तो मालदीव अगले एक दशक में गायब हो जाएगा। फिर क्या वहां के लोग चीन जाएंगे? बीते 21 मई को मालदीव में संसदीय चुनाव हुआ, जिसमें इस्लामी राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के गठबंधन पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने भारी जीत हासिल की, जिसने प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के साथ गठबंधन किया था। आरोप हैं कि चीनी पैसे के बल पर नतीजे बदल दिए गए। मालदीव की संसद में कुल 93 सीटें हैं, जिनमें मतदाताओं की संख्या कहीं 1,000 से भी कम है, तो कहीं 3,000 से थोड़ा ज्यादा। निवर्तमान पीपुल्स मजलिस ने मुइज्जू की कई पहलों के साथ-साथ नामांकित कैबिनेट सदस्यों की नियुक्ति को भी रोक दिया था। अब कम से कम कुछ महीनों तक राष्ट्रपति समर्थक और विरोधी सांसदों को मारपीट करते हुए नहीं देखा जा सकता है। वर्ष 2023 में मुइज्जू इंडिया आउट अभियान चलाकर राष्ट्रपति का चुनाव जीते थे। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया और उनके कुछ भारतीय पिछलग्गू इसे चीन की बहुत बड़ी जीत और भारत का भारी नुकसान बता रहे हैं, खासकर भारतीय सेना की छोटी-सी टुकड़ी के मालदीव छोड़ने के बाद। लेकिन ये विश्लेषक भ्रमित हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंध ऐसा खेल नहीं है, जिसमें एक पक्ष को जितना लाभ होता है, ठीक उतनी ही हानि दूसरे पक्ष को होती है। यह बार-बार साबित हो चुका है, लेकिन कुछ लोग इससे सीखना नहीं चाहते। श्रीलंका में बेहद भ्रष्ट गोटाबया राजपक्षे परिवार (जो चीन का वफादार सेवक था) का शासन 2022 के मध्य में ताश के पत्तों की तरह ढह गया। वह कोलंबो से भागकर मालदीव गए, लेकिन वहां से भी उन्हें जाने के लिए कहा गया, तो सिंगापुर गए। उन्हें चीनी आका ने छोड़ दिया। या म्यांमार का ही उदाहरण ले लीजिए। बीजिंग समर्थित सैन्य शासन लड़खड़ा रहा है, विपक्षी गठबंधन का देश के आधे से अधिक हिस्से पर नियंत्रण है। म्यांमार में दो शब्द सर्वाधिक घृणित हैं-चीन और सेना। क्या मालदीव, जो 90,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर में फैले 26 प्रवाल द्वीपों के आसपास करीब 1,200 मूंगा द्वीपों से बना है, अपने भविष्य पर ध्यान देगा? यदि ग्लोबल वार्मिंग मौजूदा गति से ही जारी रही, तो मालदीव अगले एक दशक में गायब हो जाएगा। फिर क्या वहां के लोग चीन जाएंगे? मालदीव के आयात शुल्क संग्रह में भारी गिरावट आई है, क्योंकि उसका चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता है। मार्च, 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत को अपना करीबी सहयोगी बताते हुए ऋण राहत की गुहार लगाई, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है और पर्यटकों की संख्या भी 30 फीसदी कम हो गई है। बड़ी संख्या में भारतीयों द्वारा मालदीव का दौरा रद्द करने से उसके पर्यटन उद्योग में भूचाल आ गया है और आतंकवादियों से भी उसके रिश्ते उजागर हो गए हैं। फिर भी अप्रैल 2024 में, भारत से आवश्यक खाद्य पदार्थों की मांग के बाद, जिनमें कुछ ऐसे सामान भी थे, जिनके निर्यात पर प्रतिबंध है, हमने वे चीजें भेजकर दयालुता दिखाई, जबकि चीन ने केवल पीने का पानी भेजा था। मालदीव के विदेश मंत्री ने ट्वीट किया कि वह भारत की उदारता के लिए दिल से आभारी हैं। भारत ने 1980 के दशक में तख्तापलट के प्रयास को विफल करने में मालदीव की सहायता की और 2000 के दशक में जब वहां पानी का घोर संकट था, तो पेयजल की आपूर्ति की थी। फेलिक्स श्वार्जेनबर्ग ने हमें 19वीं सदी के मध्य में बताया था कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में कृतज्ञता जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह बात हम जानते हैं। वर्ष 2023 में आतंक समर्थक मुइज्जू ने अपने तीन कट्टर मुस्लिम मंत्रियों को हिंदू धर्म, भारत के प्रधानमंत्री और भारत के प्रति दुर्व्यवहार करने और अपने चीनी आका का पक्ष लेने के लिए कहा, क्योंकि वह चीन की यात्रा पर जा रहे थे। मुइज्जू अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से धन चाहते हैं, लेकिन उन्होंने एक संदिग्ध चीनी कंपनी को निर्माण परियोजनाएं सौंपी हैं, जिसने कंबोडिया और अंगोला को धोखा दिया है और जो विश्व बैंक एवं एडीबी की काली सूची में है। मालदीव पर चीन का लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर बकाया है, जो उसके विदेशी ऋण का पांचवां हिस्सा है। इस्लामी देशों में सबसे छोटा देश मालदीव पैगंबर से भी अधिक इस्लामी होने की कोशिश कर रहा है, और इस प्रक्रिया में खुद को नुकसान पहुंचाता दिख रहा है। चीन इस इस्लामी देश के साथ आ तो सकता है, लेकिन श्रीलंका की तरह जल्द ही पीछे हट जाएगा, क्योंकि मालदीव एक घातक कॉकटेल के नशे में है-कट्टरपंथी इस्लाम, भारी असमानता, सड़ी हुई राजनीति, ड्रग्स और आतंकवाद। खबरों के मुताबिक, मालदीव की संलिप्तता से भारत के खिलाफ 26/11 जैसे कम से कम दो हमले हुए, जिन्हें विफल कर दिया गया। हाशिये पर रहने वाले वर्गों के दस में से नौ मालदीव के युवाओं को दुनिया के इस्लामीकरण अभियान के लिए कट्टरपंथी बनाया गया है। वर्ष 2023 में भारतीय खुफिया विभाग ने एक मुस्लिम खनन इंजीनियर (जो विस्फोटकों के बारे में जानता था) को गिरफ्तार किया, जिसने अपने कुछ इंजीनियर दोस्तों के साथ मिलकर कई शहरों में विस्फोट किया था। उसकी हैंडलर मालदीव की एक महिला थी। राष्ट्रपति बनते ही मुइज्जू तुर्किये के दौरे पर गए थे। अब यह बात उजागर हो गई है कि वह मालदीव के आईएस से जुड़े 36 युवाओं को सीरिया से माले लाने के लिए अंकारा से मदद मांगने गए थे। तुर्किये ने उनकी मदद की और बदले में तुर्किये निर्मित लाखों डॉलर के ड्रोन बेचे, जो मालदीव के समुद्री क्षेत्र में गश्त लगाते हैं। पहले यह काम भारत और मालदीव मिलकर करते थे। चीन से उन्होंने गुहार लगाई कि वह तालिबान को 2019 में अफगानिस्तान में गिरफ्तार किए गए 243 आईएस खुरासान-प्रशिक्षित मालदीव के लोगों को रिहा करने के लिए राजी करें, जिन्हें 21 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। लेकिन काबुल ने साफ इन्कार कर दिया। गरीबी, खतरनाक राजनीति, सनकी नेता, अवसरों की कमी और आतंकी धन ने मालदीव को सनकियों का मुल्क बना दिया है। वहां के पांच फीसदी सबसे समृद्ध लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 95 फीसदी हिस्सा है। हाल में मालदीव में धार्मिक असहिष्णुता, इस्लामीकरण और आतंकवाद में बढ़ोतरी हुई है। मालदीव डूबने के कगार पर है, पर दुनिया के पास इसके लिए समय नहीं है। इसलिए मौजूदा चुनावी नतीजे का हमारे द्विपक्षीय रिश्ते पर असर नहीं पड़ेगा। हम उसी तरह मालदीव से निपटेंगे, जैसे निपटना चाहिए।

# आस-पड़ोसः बलूचियों पर पाकिस्तानी हुकूमत के जुल्म

**मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन होने के कारण दुनिया भर में इसकी निंदा हो रही है। विभाजन के समय बलूचिस्तान पाकिस्तान में शामिल नहीं होना चाहता था, लेकिन पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में उसे शामिल होना पड़ा। उस समय बलूच नेता कलात खान के संरक्षण में आजादी हासिल करने के लिए आंदोलन जारी था, जो बाद में और तेज हो गया। इसलिए बलूच राष्ट्रवादियों को पाकिस्तानी सरकार व सेना विद्रोही कहती है। उनकी नाराजगी पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा ढाए जा रहे जुल्मों के कारण लगातार बढ़ती जा रही है।**

पाकिस्तान में जहां एक तरफ लोग ईद मना रहे थे, वहीं बलूच समुदाय के लोग सड़कों पर पाकिस्तानी सरकार व सेना के अत्याचारों के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन कर रहे थे। उनका विरोध पाकिस्तान से आजादी पाने और लापता बलूचियों की तलाश की मांग को लेकर था। दरअसल इन लोगों को पाकिस्तानी सेना ने गायब करवाया था और आज तक पता नहीं चल सका है कि वे जिंदा हैं, या नहीं। मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन होने के कारण दुनिया भर में इसकी निंदा हो रही है। विभाजन के समय बलूचिस्तान पाकिस्तान में शामिल नहीं होना चाहता था, लेकिन पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में उसे शामिल होना पड़ा। उस समय बलूच नेता कलात खान के संरक्षण में आजादी हासिल करने के लिए आंदोलन जारी था, जो बाद में और तेज हो गया। इसलिए बलूच राष्ट्रवादियों को पाकिस्तानी सरकार व सेना विद्रोही कहती है। उनकी नाराजगी पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा ढाए जा रहे जुल्मों के कारण लगातार बढ़ती जा रही है। माना जा रहा है कि जब तक सेना और आईएसआई बलूचिस्तान पर अत्याचार बंद नहीं करती, उनमें पाकिस्तान से अलग होने की भावना खत्म नहीं होगी। अब तो उनकी आजादी की मांग अमेरिका और अन्य देशों तक पहुंच गई है। सरकार के अत्याचार से तंग आकर सैकड़ों बलूची पलायन करके विदेशों में बस गए हैं। वे रोज प्रदर्शन करके विश्व समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर हस्तक्षेप करने की उम्मीद कर रहे हैं। इमरान खान की सरकार के समय से बलूचिस्तान के हालात और ज्यादा खराब हुए हैं। अब फौज के समर्थन से बनी गठबंधन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। वह बलूचियों पर अत्याचार कर रही है। बलूचियों के लापता होने के पीछे खुफिया एजेंसी का हाथ बताया जा रहा है। जो लोग लापता बलूचियों की तलाश करने की मांग करते हैं, उनकी हत्या कर दी जाती है। लगभग 25,000 से अधिक बलूचियों का अपहरण हुआ है और उनमें से ढाई हजार से अधिक लोगों के गोलियों से छलनी व अत्याचारों के प्रमाण देने वाले शव बरामद हुए हैं। अब बाकियों की तलाश की मांग जारी है। ईद के अवसर पर हुए प्रदर्शन में सैकड़ों महिलाएं और बच्चे अपने लापता परिजनों की तस्वीरें लेकर शामिल हुए थे। मगर मौजूदा पाक सरकार व सेना उनकी कोई मदद नहीं कर रही है, बल्कि अब भी बलूचियों को जबरन गायब करने का सिलसिला जारी है। क्षेत्रफल के हिसाब से बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है। यहां करीब एक करोड़ लोगों की आबादी है। प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से यह बाकी पाकिस्तान से ज्यादा समृद्ध है। पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्र और दूसरे प्रांतों का अधिकार कायम है, जबकि संसाधनों पर केवल बलूचियों को अधिकार मिलना चाहिए था। इस प्रांत में जो गैस पैदा की जाती है, उसकी आपूर्ति सारे पाकिस्तान में होती है और बलूचिस्तान को बहुत कम रॉयल्टी मिलती है। बलूची लोग चाहते हैं कि वहां से फ्रंटियर कोर की वापसी हो और उन पर लगाए गए मुकदमे वापस लिए जाएं। बलूचियों को इस बात का भी मलाल है कि ग्वादर बंदरगाह पर उन्हें काम देने के बजाय चीनियों को काम दे दिया गया है। जबकि बंदरगाह के निर्माण के समय उनसे वादा किया गया था कि बलूचियों को काम दिया जाएगा। चीन आर्थिक गलियारों को ग्वादर बंदरगाह से जोड़कर इस क्षेत्र को अपनी कॉलोनी बनाना चाहता है। हाल ही में पांच चीनी इंजीनियरों की हत्या हुई और उसके लिए बलूचियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इन इंजीनियरों की हत्या के संदर्भ में पाकिस्तान चीन के आगे बेबस है। पाकिस्तान भारत पर अक्सर आरोप लगाता रहता है कि भारत बलूचियों को भड़काता है। लेकिन यह पाकिस्तान का बहुत बड़ा झूठा है। भारत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं, जब विदेश में रह रहे बलूचियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी, ताकि पाकिस्तान से उन्हें छुटकारा मिल सके। जिस तरह पाकिस्तान कश्मीर का मसला अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है, भारत को भी बलूचियों पर ढाए जा रहे जुल्मों के मसले को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना चाहिए। इससे कश्मीर के बारे में दुष्प्रचार करने वाले पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हो जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने की आशंका

**अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा। अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया।**

हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा। अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया। इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है। खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं। इससे भी रिजर्व बैंक की महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते दुनिया भर में मुश्किलें पैदा हुई थीं, अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में ईरान के कूद पड़ने और उस पर अमेरिका की सख्त व्यापारिक पाबंदियों से संकट और गहरा हो गया है। भारत चूंकि कच्चे तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, ऐसी स्थिति में उसे तेल की कीमतें नीचे ला पाना कठिन होगा। मगर मौसम की मार से पार पाने का कोई रास्ता किसी के पास नजर नहीं आता। सर्दी, गर्मी, बरसात की अवधि असंतुलित हो गई है। एक ही वक्त में कहीं तेज बारिश और बाढ़ की वजह से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कहीं सूखे की वजह से। सर्दी की अवधि सिकुड़ने के चलते खासकर गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम जल्दी शुरू हो जाने से गेहूं का उत्पादन कम हो रहा है। हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। अभी तक का आकलन है कि मौसम का मिजाज गड़बड़ होने से सकल घरेलू उत्पाद में करीब डेढ़ फीसद तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जैसी कि जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंकाएं जताई जा रही हैं, कृषि क्षेत्र उनमें सबसे अधिक प्रभावित होगा। ऐसे में महंगाई पर काबू पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बेरोजगारी बढ़ने और प्रतिव्यक्ति आय कम होने से महंगाई की मार ज्यादा गहरी पड़ रही है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी पड़ेगी।



# उसैन बोल्ट आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने, कहा-अमेरिका में क्रिकेट का आना बड़ी बात

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलेपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में रु ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

**बोल्ट के नाम 100 मीटर रेस में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज**

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे। एक दिन बोल्ट के क्रिकेट कोच ने पिच पर उनके दौड़ने की स्पीड देखी और सलाह दी कि उन्हें स्प्रिंटिंग में कोशिश करनी चाहिए। बोल्ट ने अपने कोच की सलाह मानी और दौड़ की ट्रेनिंग लेने लगे। पहली बार लगभग पंद्रह साल की उम्र में कैरेबियन रीजनल प्रतियोगिता में जमैका के लिए खेलते हुए 2001 में, 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता।






# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चार मेडल दीपांशु ने जीता गोल्ड; रोहन, प्रियांशु और रितिक राठी ने जीता सिल्वर

**नई दिल्ली।** दुबई में बुधवार से शुरू हुए अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने पहले दिन एक गोल्ड सहित कुल चार मेडल जीते। जेवलिन में गोल्ड और सिल्वर भारतीय एथलीटों ने झटके, वहीं 1500 मीटर और डिस्कस थ्रो में भी भारत को सिल्वर मेडल मिले। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 से 27 अप्रैल तक है। भारत से 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप पेरू के लीमा में 27-31 अगस्त को होने वाली वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफाइंग भी है।

बुधवार को पहले दिन दीपांशु ने 70.29 मीटर जेवलिन थ्रो कर भारत को पहला गोल्ड दिलाया। वहीं इस इवेंट 70.23 के साथ यूपी के रोहन यादव दूसरे स्थान पर रहे। यूपी के ही प्रियांशु ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3ः50.85 सेकेंड के साथ सिल्वर जीता। जबकि कतर के एतौलगाजी ने गोल्ड जीता।

डिस्कस में रितिक राठी ने 52.23 मीटर का थ्रो कर सिल्वर जीता

वहीं डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने पहला थ्रो 49.97 मीटर फेंका। दूसरे प्रयास में उन्हें कोई अंक नहीं मिला। वहीं उन्होंने तीसरे चांस में 52.23 मीटर फेंक कर मेडल की दावेदारी प्रस्तुत किया। चौथे प्रयास में फिर से उन्हें कोई अंक नहीं मिला, जबकि पांचवां चांस में 50.35 मीटर था और उनका अंतिम और छठा प्रयास 53.01 मीटर था। कतर के जिब्राइन एडौम अहमत को गोल्ड मिला। उन्होंने 54.80 मीटर का थ्रो फेंका था। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**लक्षिता, तन्वी और विनोद सैंडलिया 800 मीटर फाइनल में भिड़ेंगे**

वहीं बुधवार को 800 मीटर के हीट इवेंट में महिला एथलीट लक्षिता और तन्वी के साथ के साथ पुरुष एथजलीट विरोद सैंडिलया फाइनल में पहुंच गए हैं। बुधवार को 800 मीटर हीट में लक्षिता 2ः09.39 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तन्वी मलिक 2ः12.82 के समय के साथ अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहीं।

**अनुष्का और संगीता, अमन चौधरी 400 मीटर में मेडल की होड़ में शामिल**

400 मीटर दौड़ में अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार और एसएआई संगीता डोडला फाइनल में पहुंच कर मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार 400 मीटर हीट में पहले स्थान पर रहीं। उन्होंने 55.75 सेकेंड का समय निकाला। संगीता डोडला ने 56.21 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया और पोडियम की दौड़ में बनी हुई हैं।



# पाकिस्तानी क्रिकेटर बिस्माह मारूफ ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया, भारत के खिलाफ किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि, वे लीग क्रिकेट खेलती रहेंगी। पाक ऑलराउंडर ने गुरुवार, 25 अप्रैल को पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

मारूफ का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर 17 साल का रहा। उन्होंने 2006 (विमेंस एशिया कप) में भारत के खिलाफ जयपुर में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं आखिरी मुकाबला इसी महीने 23 अप्रैल को वेस्टइंडीज विमेंस के खिलाफ खेला।

**बिस्माह मारूफ का इंटरनेशनल करियर**

बिस्माह ने अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 136 वनडे और 140 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वनडे में उन्होंने 29.55 की एवरेज से 3369 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 21 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं बॉलिंग उन्होंने वनडे में 4.00 की इकोनॉमी रेट से 44 विकेट लिए है। इसके अलावा टी-20 इंटरनेशनल में 27.55 की औसत से 2658 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 12 हाफ सेंचुरी लगाए है। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 36 विकेट झटके हैं।

**34 वनडे और 62 टी-20 मैचों में कप्तानी की**

बिस्माह ने 34 वनडे में कप्तानी किया। इसमें 16 में जित मिली। वहीं बतौर कप्तान 62 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलीं, जिसमें 27 में जीत मिली।

गुरुवार को पीसीबी की एक रिलीज में उनके हवाले से कहा गया, मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह जर्नी चुनौतियों, जीत और यादों से भरी है। मैं अपने परिवार धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने शुरुआत से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट जर्मी में मेरा सपोर्ट किया है।

मैं मुझ पर विश्वास करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा। अंत में मैं अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो मेरे लिए परिवार की तरह बन गए हैं। मैदान के अंदर और बाहर हमने जो अच्छे पल साझा किए है, उसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।

# डोमेस्टिक प्लेयर्स की सैलेरी बढ़ाने पर विचार कर रहा बीसीसीआई, एक करोड़ रुपए तक कमा सकते हैं खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू खिलाड़ियों के लिए सैलेरी बढ़ाने पर विचार कर रहा हैं। क्रिकेट वेबसाइट के मुताबिक, इसके लिए अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसे को लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया है। हालांकि, बढ़ी हुई मैच फीस की घोषणा की संभावना नहीं है, लेकिन नेशनल सिलेक्शन कमेटी ने प्रस्ताव पर चर्चा की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आईपीएल में हिस्सा नहीं लेने वाले घरेलू खिलाड़ी वंचित महसूस न करें। अलग-अलग योजनाओं पर विचार चल रहा है लेकिन बीसीसीआई इस बात पर



एकमत है कि घरेलू क्रिकेटरों की फीस कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। एक सोच यह भी है कि अगर घरेलू खिलाड़ी ने 10 रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं तो उन्हें सालाना 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए के बीच कमाई करने की स्थिति में होना चाहिए।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने रणजी ट्रॉफी प्लेयर्स की फीस बढ़ाने का फैसला ले चुकी हैं। प्लेयर्स की सैलरी अगले सीजन से दोगुनी बढ़ जाएगी। अनुभवी खिलाड़ियों को 2024-25 के सीजन से एक फर्स्ट क्लास मैच के लिए 4.80 लाख रुपए मिलेंगे।

वहीं बाकी बोर्ड के प्लेयर्स को एक मैच के 2.40 लाख रुपए मिलते हैं।

पिछले दिनों बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को लेकर वॉर्निंग दी थी। बोर्ड ने कहा था कि जो खिलाड़ी फिट हैं और नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा। इसके बावजूद ईशान किशन, क्रुणाल पंड्या और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों ने अपने स्टेट के लिए रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेला। वे आईपीएल की तैयारियों में जुट गए। ऐसे में डोमेस्टिक क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई नई योजनाएं ला रही हैं।

# भारत के सर्विस सेक्टर की जबरदस्त रफ्तार वर्ष 2023 में 11.4 फीसदी की हुई ग्रोथ

**नई दिल्ली।** देश के सर्विस सेक्टर में तेजी देखने को मिली है। सर्विस सेक्टर की ग्रोथ को लेकर UNCTAD ने रिपोर्ट जारी किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद 2023 में भारत का सेवा निर्यात 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इस सेक्टर में चीन का शिपमेंट 10.1 प्रतिशत घटकर 381 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

भारत की सर्विस एक्सपोर्ट की तेजी में ट्रैवल, ट्रांसपोर्ट, मेडिकल और हॉसपिटेलिटी ने योगदान दिया है।

UNCTAD के एक त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया है कि मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ, विश्व सेवा निर्यात 2023 में 7.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया।

वहीं, विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में प्रमुख निर्यातकों में भारत, चीन, सिंगापुर, तुर्किये, थाईलैंड, मैक्सिको और सऊदी अरब शामिल हैं। हालाँकि, भारत का सेवा



आयात पिछले साल 0.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 248 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया।

UNCTAD रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में सेवाओं के निर्यात में साल-दर-साल वृद्धि का मुख्य चालक अंतरराष्ट्रीय यात्रा रिसिप्ट में पर्याप्त वृद्धि थी। COVID -19 रिकवरी के बाद, एशिया में यात्रा रिसिप्ट में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारत के सर्विस एक्सपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा किआईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। इंजीनियरिंग, वास्तुकला, कानूनी और लेखा सेवाएं और अनुसंधान और प्रबंधन परामर्श सेवाएं जैसी व्यावसायिक सेवाएं सरकारी पहलों द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठाने से लाभान्वित होती हैं।

इसके आगे विशेषज्ञ ने कहा कि भारतीय निर्यातकों द्वारा निर्यात स्थलों के विविधीकरण से पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम करने और क्षेत्र के लिए नए अवसर खोलने में मदद मिल सकती है।भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है, लेकिन एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे उभरते बाजारों में भी वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं।

# स्विगी ने अपने ईजीएम में आईपीओ को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की

**नई दिल्ली।** फूड डिलिवरी और क्विक कॉमर्स ऐप स्विगी ने अपने ईजीएम में आईपीओ को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की। कंपनी ने बताया कि उसके आईपीओ को शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मिल गई है।

स्विगी अपने आईपीओ के जरिये 1.2 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी ने फाइलिंग में बताया कि वह 45 करोड़ डॉलर (करीब 3,750 करोड़ रुपये) और ऑफर-फॉर-सेल में 80 करोड़ डॉलर (लगभग 6,664 करोड़ रुपये) के स्टॉक जारी करेगा।

23 अप्रैल को स्विगी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) हुई। स्विगी ने इसको लेकर कोई तुरंत




टिप्पणी नहीं की। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के प्रमुख निवेशकों में की स्विगी में लगभग 32 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अग्रणी मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के अनुसार, सॉफ्टबैंक के पास लगभग 8 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि वीसी फर्म एक्सेल की 6.2 प्रतिशत और एलिवेशन कैपिटल की 4.4 प्रतिशत हिस्सेदारी है।पिछले महीने यूएस-आधारित बैरन कैपिटल ने स्विगी आईपीओ का मूल्यांकन बढ़ाकर 12.16 बिलियन डॉलर कर दिया, जो 10.7 बिलियन डॉलर के पोस्ट-मनी वैल्यूएशन से अधिक है, जिस पर कंपनी ने 2022 की शुरुआत में फंडिंग हासिल की थी। इस साल की शुरुआत में अमेरिका स्थित निवेश कंपनी इनवेस्को ने स्विगी का मूल्यांकन लगभग 8.3 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया था। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म का नेट लॉस 4,179 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

# सेरेलेक के सेंपल कलेक्ट कर रहा फूड रेगुलेटर

**नई दिल्ली।** नेस्ले के बेबी फूड्स प्रोड्क्ट्स में एक्स्ट्रा शुगर मिलने की बात सामने आने के बाद सरकार ने इसकी जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा नियामक FSSAI ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के सेरेलेक बेबी फूड के सैंपल कलेक्ट कर रही है। FSSAI के CEO कमला वर्धन राव ने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने में 15-20 दिन लगेंगे।

दरअसल कुछ दिन पहले आई स्विट्जरलैंड की पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि नेस्ले भारत सहित एशिया और अफ्रीका के देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में अतिरिक्त शक्कर और शहद मिलाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बेबी फूड्स में एक्स्ट्रा शुगर की मात्रा को




लेकर कोई अपर लिमिट नहीं है। इसे देखने वाली संस्था सिर्फ प्रोटीन, फैट और कार्बोहाइड्रेट जैसे मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और विटामिन सी, डी, आयरन और जिंक जैसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की जरूरतें बताती है।

भारतीय नियमों के मुताबिक, अनाज वाले बेबी फूड्स में कॉर्न सिरप और माल्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्बोहाइड्रेट सोर्स के तौर पर सुक्रोज और फ्रुक्टोज का इस्तेमाल होता है, बशर्ते इनकी मात्रा कार्बोहाइड्रेट के 20त्न से कम हो।

इसी तरह न्यू बॉर्न बेबी के लिए बेचे जाने वाले पाउडर मिल्क नीडो में प्रति बोतल औसतन 2 ग्राम शुगर मिला। दूसरी ओर, नेस्ले के अपने देश स्विट्जरलैंड या जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों में बिकने वाले इन्हीं उत्पादों में शुगर नहीं थी।

# पेमेंट कंपनी पेयू को नए ग्राहक जोड़ने की मंजूरी मिली, रिजर्व बैंक ने जनवरी 2023 में लगाई थी रोक

**नई दिल्ली।** लगभग 15 महीने के इंतजार के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रोसस बैक्ड फिनटेक फर्म PayU को पेमेंट एग्रिगेटर के रूप में काम करने और नए मर्चेंट्स को फिर से जोड़ने के लिए इन प्रिंसिपल मंजूरी दे दी है। इन प्रिंसिपल मंजूरी फाइनल लाइसेंस नहीं होता, लेकिन कंपनियां इसके जरिए 6 से 12 महीने तक काम कर सकती हैं।

जनवरी 2023 में, बैंकिंग रेगुलेटर ने कॉम्प्लेक्स कॉर्पोरेट स्ट्रक्चर के कारण पेमेंट एग्रिगेटर के रूप में काम करने के लिए फिनटेक फर्म के आवेदन को वापस कर दिया था। उसे इसके लिए फिर से आवेदन करने का निर्देश दिया था। इस कदम के बाद, PayU को अपने ऑनलाइन एग्रिगेशन बिजनेस के लिए नए मर्चेंट को जोड़ना बंद करना पड़ा था।

इसी तरह का प्रतिबंध पेटीएम,




रेजरपे और कैशफ्री पर लगाया गया था, जिनमें से रेजरपे और कैशफ्री को पिछले साल दिसंबर में मंजूरी मिल गई थी। वहीं मनी कंट्रोल ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि एक अन्य फिनटेक कंपनी क्रेड को भी पेमेंट एग्रिगेटर के तौर पर काम करने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिली है।

पेमेंट एग्रिगेटर एक थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन पेमेंट करने और मर्चेंट्स को पेमेंट लेने की सुविधा देता है। पेमेंट एग्रिगेटर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, कार्डलेस EMI, UPI, बैंक ट्रांसफर और ई-वॉलेट जैसे पेमेंट मोड से पेमेंट की सुविधा देता है।

वित्त वर्ष 2022-23 में पेयू इंडिया ने 399 मिलियन डॉलर (करीब 3,323 करोड़) की कमाई की थी। वित्त वर्ष 2021-22 के मुकाबले यह 31त्न ज्यादा था। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही (अप्रैल23-सितंबर23) में कंपनी की कोर पेमेंट बिजनेस से आय 15 प्रतिशत बढ़कर 211 मिलियन डॉलर (करीब 1,757 करोड़) रही थी।

मार्च 2024 में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई के जरिए ट्रांजैक्शन का नया रिकॉर्ड बना है। इस दौरान 1,344 करोड़ ट्रांजेक्शन के जरिए 19.78 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। पिछले महीने यानी फरवरी 2024 में यूपीआई के जरिए 1,201 करोड़ लेनदेन हुए, जिसके जरिए 18.28 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलो के लिए रेंडमाईजेशन संपन्न

## रिजर्व सहित श्योपुर के लिए 362, विजयपुर के लिए 360 मतदान दल गठित

**श्योपुर,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मुरैना-श्योपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ कौरा लक्ष्मी तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान दलो के गठन के लिए रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष श्योपुर में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अनुज कुमार रोहतगी, सहायक रिटर्निग आफिसर एवं एसडीएम मनोज गढवाल, जिला योजना अधिकारी डॉ सुनील चौहान, डीआईओ कपिल पाटीदार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक डॉ कौरा लक्ष्मी की उपस्थिति में आयोजित रेंडमाईजेशन प्रक्रिया से लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत




श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलो के गठन की प्रक्रिया संपन्न की गई। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 329 मतदान केन्द्रों के लिए 10 प्रतिशत रिजर्व मतदान दल सहित 362 मतदान दलो का गठन किया गया है। इसी प्रकार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 327 मतदान केन्द्रो के लिए 10 प्रतिशत रिजर्व सहित 360 मतदान दल गठित किये गये है। इसके तहत श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 65 तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 35 महिला मतदान दल भी शामिल है। इन मतदान केन्द्रों पर महिला पीठासीन अधिकारियों एवं महिला मतदान अधिकारियों द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। यह मतदान केन्द्र पूरी तरह से महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संचालित होगे।

इसके अलावा माईक्रो आर्ब्जवर के रेडमाइजेशन की प्रक्रिया भी संपन्न की गई, जिसके तहत श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 23 एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 37 माइक्रो आर्ब्जवर का आवंटन किया गया है। इन माईक्रो आर्ब्जवर को अगले चरण के रेंडमाईजेशन द्वारा चिन्हित मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किया जायेगा।

## विजयपुर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अतेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में एसडीएम विजयपुर बीएस श्रीवास्तव, सीईओ जनपद अभिषेक मिश्रा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विजयपुर, सीडीपीओ विजयपुर एवं एनआरएलएम के समस्त स्टाफ स्कूली विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ एवं समूह की महिलाओं द्वारा प्रहलादपुरा हायर सैकेण्डरी स्कूल से तहसील कार्यालय विजयपुर तक मुख्य मार्ग होकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय निगरानी दलों का गठन

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस सभी संबंधित विभागों को विवाह के विशेष अवसरो पर बाल विवाह होने की संभावना को दृषित रखे हुए जिला स्तर एवं अनुभाग स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए दल गठित किये गये थे।



कलेक्टर सिंह द्वारा जारी निर्देशानुसार परियोजना, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर निगरानी दलों का गठन कर लगातार कार्यवाही कि जा रही है। जिले में किसी भी स्थान पर बाल विवाह होता है तो विभाग या सहयोगी संस्थाओं को जानकारी प्राप्त हो जाती है एवं सरकार द्वारा संचालित हेल्पालईन के माध्यम से भी सूचनाएं प्राप्त होती है। चाईल्ड हेल्पलाईन से ग्राम पाटेर तहसील श्यामपुर थाना अहमदपुर में 27 अप्रेल 2024 को बालिका निशा परिवर्तित नाम का बाल विवाह की सुचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रफुल्ल खत्री ने तत्काल कार्यवाही करने के लिए दौराहा परियोजना अधिकारी श्रीमती माधवी सिंह को निर्देशित किया। श्रीमती माधवी सिंह द्वारा ग्राम पाटेर में विवाह स्थल पर पहुच कर बालिका के माता पिता से बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज मांगे गये। पहले तो परिजनों ने बालिका के दस्तावेज बाताने से इंकार किया। परियोजना अधिकारी द्वारा जब बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुये बताया कि 18 वर्ष की आयु से पहले बालिका का विवाह अपराध है जिसमें आपको 2 वर्ष की सजा एंव 1 लाख रूपये का जुर्माना हो सकता है। तब बालिका की 10 वी कक्षा की मार्कशीट बताई गई जिसमें जन्मतिथि 19 दिसंबर 2006 के अनुसार बालिका 17 वर्ष 4 माह की होना पाई गई। टीम द्वारा बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को समझाइस दी गई, इस पर सभी ने विवाह को निरस्त किया तथा शपथ पत्र एवं कथन दिया के बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करेंगे।

# तीन शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी

### दो अतिथि शिक्षको की सेवा समाप्त

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक लोकेश कुमार जांगिड द्वारा विद्यालयो में लापरवाही पाये जाने पर तीन शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है, इसके अलावा दो अतिथि शिक्षको की सेवा समाप्त करने के साथ ही उन्हें नवीन शैक्षणिक सत्र में पुनः नियुक्ति नही दिये जाने के निर्देश जारी किये गये है।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा जारी नोटिस के अनुसार डीपीसी डॉ पीएस गोयल द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुरा में किये गये आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षक श्रीमती राधा वैश्य गत 31 मार्च से 18 अप्रैल (निरीक्षण दिनांक) तक लगातार अनुपस्थित पाई गई। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोठवा में माध्यमिक शिक्षक एवं शाला प्रभारी श्रीमती उमा गुप्ता का बगैर वरिष्ठ कार्यालय से अवकाश स्वीकृत किये बिना उपस्थिति पंजी में 18 अप्रैल से 19 अप्रैल तक का आकस्मिक अवकाश अंकित पाया गया, साथ ही विद्यालय की व्यवस्थाएं भी ठीक नही पाई गई। शासकीय माध्यमिक विद्यालय रन्नौद के निरीक्षण के दौरान उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन सही नही पाया गया, इस पर माध्यमिक शिक्षक एवं शाला प्रभारी जस्तराम मीणा सहित उपरोक्त सभी शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में जवाब देने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा डीपीसी के निरीक्षण में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोठवा में पदस्थ अतिथि शिक्षक अंकित शर्मा द्वारा शैक्षणिक कार्यो में लापरवाही बरतने तथा अतिथि शिक्षक श्रीमती आरती मेहरा द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर अनुपस्थित पाये जाने पर सेवा समाप्त करने के साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पुनः नियुक्ति नही दिये जाने के निर्देश संकुल प्राचार्य को दिये गये है।

# हम सब ने यह ठाना है, भोपाल को नंबर वन बनाना है

**भोपाल।** युवा मतदाताओं को जागरूक करने उनमें मतदान के प्रति रुझान पैदा करने और भोपाल मे वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन भोपाल द्वारा स्ड्ढश्वश्वक्क के अन्तर्गत भोपाल के महाविद्यालयों 'कौन बनेगा वोटर नम्बर वन' मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।



इसी क्रम में मित्तल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस नवीबाग करोंद भोपाल के सभागार में स्टूडेंट्स एवं प्राध्यापकों के मध्य मल्टीमीडिया क्विज आयोजित की गई। छात्राओ के साथ - साथ प्राध्यापको का जोश मतदान के प्रति उत्साह को प्रदर्शित कर रहा था। हॉट सीट पर बैठे बच्चे बड़ी आतुरता से प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। वहीं दर्शको के लिए राउंड दर्शक दीर्घा में बैठे बच्चे और प्राध्यापक दे अपना नाम लकी ड्रॉ के लिए पक्का कर रहे थे। जो बोला वही धुरंधर चैलेंज राउंड में बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी चैलेंज स्वीकार कर बिना प्रश्न देखे जवाब देने खड़े हो गए। 2 घंटे चली इस रोचक प्रतियोगिता से छात्राओं ने मतदान के महत्व और चुनावी प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त की अंत में संस्थान के रजिस्ट्रार कर्नल एफ. बी. अलावली ने सभी को मतदान की शपथ दिला सभी को वोट देने जाने का आव्हान किया। संस्थान के प्राचार्य एवं सभी स्टाफ की उपस्थिति में खेली गई क्विज मे टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया जो मेगा राउंड में खेलेंगे

# इन्दौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को सुरक्षित बंद करवाने की प्रभावी कार्यवाही

## जिले में 390 बोरवेल करवाये गये बंद, बोरवेल खुले पाये जाने पर मालिक के विरूद्ध होगी एफआईआर दर्ज

**इन्दौर।** इंदौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को बंद करवाने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही की गई है। जिले में पिछले दिनों एक अभियान चलाकर 390 बोरवेल बंद करवाये गये है। चेतावनी दी गई है कि अगर कहीं बोरवेल खुले पाये जायेगें तो संबंधित मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में पिछले दिनों अनुपयोगी बोरवेल में मासूम बच्चे के गिरने की हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अनुपयोगी बोरिंग को बंद करवाए जाने का अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले में अब तक अनुपयोगी 390 बारेवले बंद करवाए गए है। जिला पंचायत इन्दौर के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायतो को क्षेत्र में सूखे बोरवेल की पहचान कर इन्हे विभिन्न उपायो से सुरक्षित कवर करवाने के लिये निर्देशित किया गया था। इन्दौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सहायक अभियंता एवं उपयंत्रियो के दल द्वारा गत 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रो में निरीक्षण किया गया। 390 सूखे बोरवेल खुले पाये गये। इन सभी बोरवेल को बंद करवाने की कार्यवाही की गई।

सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अब खुले बोरवेल को सुरक्षित करवाने संबंधी प्रमाण पत्र सभी ग्राम पंचायतो से प्राप्त करें। उनसे लिखित में लेवे की उनकी ग्राम पंचायत में अब कोई भी सूखा बोरवेल असुरक्षित खुला नहीं है। अब यदि खुले बोरवेल पाये जाते है तो ऐसे बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाये।

# इस रविवार, कॉमेडी जीनियस शेखर सुमन 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' की शोभा बढ़ाएंगे

इस रविवार, शेखर सुमन सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में विशेष अतिथि होंगे! हंसी से भरपूर गैग्स और प्रफुल्लित करने वाले मज़ाक के साथ, अनुभवी



कॉमेडियन अपनी सटीक कॉमिक टाइमिंग से सभी को दिल खोलकर हंसने के लिए मजबूर करने का वादा करते हैं।

एक तरफ गौरव दुबे निर्देशक की भूमिका निभाते हुए सभी को हंसने पर मजबूर कर देते हैं, दूसरी तरफ सिद्धार्थ सागर और सुगंधा मिश्रा 'खिलजी एक्ट' के लिए टीम बनाएँगे, जिनसे दर्शकों को मज़ेदार अनुभव मिलेंगे! गौरव मोरे फिल्म 'रंगीला' में आमिर खान के प्रसिद्ध किरदार में जान फूंकते नज़र आएँगे, जबकि हेमांगी कवि 'डेली सोप अभिनेत्री' की भूमिका निभाएँगी। इतना ही नहीं, बल्कि अपने टॉक शो के लिए प्रसिद्ध, शेखर सुमन लोगों के आम जीवन और इस यात्रा के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर स्टैंड-अप प्रस्तुति देंगे, जिसे हर कोई स्टैंडिंग ओवेशन देगा।

इस वीकेंड के एपिसोड के बारे में बात करते हुए, गौरव दुबे कहते हैं, 'मैं शेखर सुमन जी के सामने परफॉर्म करने के लिए उत्साहित था। इससे मुझे उन दिनों की याद आ गई, जब वे एक शो में जज थे। मेरी खुशी का तब ठिकाना नहीं रहा, जब उन्होंने न केवल मेरे परफॉर्मेंस की तारीफ की, बल्कि उदारतापूर्वक मेरे पिछले कामों की भी सराहना की। उनका सच्चा समर्थन और दूसरों के कलात्मक कार्यों में उनकी सहायता करने की इच्छा सेलिब्रिटीज़ में दिखने वाली दुर्लभ खूबी है।'

# वाडीलाल ने नया समर कैम्पेन पेश किया, जिसमें खुशियाँ, स्वाद और 'वाह' मोमेंट्स एक साथ नजर आयेंगे

भारत के अग्रणी आइसक्रीम ब्राण्ड, वाडीलाल एंटरप्राइज लिमिटेड, ने अपने नये समर कैम्पेन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कैम्पेन हर जश्न के मजे को दोगुना करने के लिए तैयार है। किसी भी जश्न के साथ वाडीलाल को मिलाने की अहमियत बताने वालीं तीन फिल्मों की सीरीज के साथ यह ब्राण्ड अनोखे ढंग से कहता है, ''हर मोमेंट को बनाये कमाल! वाह वाडीलाल!''

इस कैम्पेन की मुख्य थीम है 'वाह', जो वाडीलाल आइसक्रीम खाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली खुशी पर आधारित है। वाडीलाल तीन अनूठी फिल्मों के जरिये जश्न के उत्साह को संजोता है। हर फिल्म में जिन्दगी की उन उपलब्धियों को दिखाया गया है, जो वाडीलाल आइसक्रीम की गैर-मौजूदगी में पूरी नहीं हो पाती हैं। अस्पताल में एक नये बच्चे के जन्म की उमंग से लेकर भारत में लंबे वक्त से खोये बेटे के दोबारा मिलने और न्यूजरूम में मार्स लैंडिंग की नई खबर मिलने तक, वाडीलाल की मौजूदगी में यह पल यादगार जश्नों में बदल जाते हैं। फिल्?में देशी अंदाज में मुख्य थीमों के अनुसार वाडीलाल से मिलने वाली खुशी दिखाती हैं और कलाकार वाडीलाल आइसक्रीम मिलने पर ही खुशखबरी पाने की प्रतिक्रिया देते हैं। इसमें आइसक्रीम की खुशनुमा भूमिका पर जोर दिया जाता है। एक ही पखवाड़े में कैम्पेन की तीन में से दो फिल्में स्क्रीन पर आ चुकी हैं और अपनी मासूमियत तथा संदेश से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। रोमांच लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि बहुप्रतीक्षित तीसरी फिल्म अगले हफ्ते रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में मनोरंजन और उपभोक्ताओं से जुड़ाव ज्यादा होगा। एक सदी से ज्यादा समय से वाडीलाल अनेक पारिवारिक कहानियों में रचा-बसा है। अपने सिग्नैचर फ्लेवर्स से वह जश्न के पलों में चार-चांद लगा देता है। वाडीलाल ने भारतीय संस्कृति से जुड़ी भावनाओं को समझा है, जहाँ त्यौहार या खुशखबरी के हर पल को उम्दा बनाने के लिये खान-पान होता है। पिछले तीन साल से यह ब्राण्ड बड़ी लगन के साथ जीवन के अनुभवों में ''वाह'' फैक्टर को शामिल कर रहा है। वाडीलाल की स्वादिष्ट आइसक्रीम को चखकर कलाकार 'वाह' जरूर कहते हैं और इस भावना को वाडीलाल ने अपनी सिनेमाई कहानियों में शामिल किया है। ये फिल्में सार्थक तरीके से इस विचार पर जोर देती हैं कि कोई भी पल चाहे कितना भी बड़ा हो, वाडीलाल की खुशनुमा मौजूदगी के बिना अधूरा है।

# इस शनिवार, जूही चावला 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' की शोभा बढ़ाएंगी

इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे', मस्ती-मज़ाक से भरपूर एपिसोड में जूही चावला का स्वागत करेगा। अनुभवी कॉमेडियन्स अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे और अपने मनोरंजक गैग्स से सभी को दिल खोलकर हंसने के लिए मजबूर कर देंगे।

कई प्रकार के स्किट्स प्रस्तुत करते हुए, कुशल बद्रीके, हेमांगी कवि और कावेरी प्रियम साथ मिलकर प्रसिद्ध 'साइको बाइको' सीरीज़ के नए गुदगुदाने वाले नाटक को पेश करेंगे, जहां 'नवरा' और 'बाइको' समुद्र किनारे कुछ रोमांटिक पल बिताने की कोशिश करते हैं, लेकिन कुछ गलतफहमियों और सरप्राइज़ के उतार-चढ़ाव सभी को हंसने के लिए मजबूर कर देते हैं। गौरव मोरे अपने अंदर के शाहरुख खान को दिखाते नज़र आएंगे, जबकि सुगंधा मिश्रा चुलबुली जूही चावला की भूमिका निभाएंगी। गौरव दुबे क्लासिक थ्रिलर 'डर' के एक मस्ती भरे स्पूफ में सनी देओल की भूमिका निभाएंगे।



इसके अलावा, गौरव मोरे फिल्म 'डर' के प्रसिद्ध गाने 'जादू तेरी नज़र' पर परफॉर्मेंस से जूही चावला को सरप्राइज़ देंगे, उन्हें अपने साथ डांस के लिए आमंत्रित करेंगे और उन्हें गुलाब का फूल देंगे।

इस आगामी गैग के बारे में बात करते हुए, कॉमेडियन गौरव मोरे कहते हैं, 'हम बहुत खुश हैं कि जूही चावला जी हमारे शो का हिस्सा बनी हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मेरा एक्ट परफेक्ट हो, मैंने फिल्म 'डर' कई बार देखी, ताकि मैं इस किरदार की शैली और भाव को अच्छे से समझ सकूं। जूही चावला जी ने न केवल हमारी परफॉर्मेंस का आनंद लिया, बल्कि 'जादू तेरी नज़र' पर डांस करने के लिए मेरे साथ शामिल भी हुईं। मैं इस पल को कभी नहीं भूलूंगा। गौरव और सुगंधा के साथ काम करना धमाकेदार अनुभव था। पर्दे के पीछे की हमारी मस्ती स्क्रीन पर दिखने वाले तालमेल में स्पष्ट होती है। हमारा गैग न केवल एक कल्ट थ्रिलर को हास्यपूर्ण ट्विस्ट देता है, बल्कि 'डर' के शाश्वत आकर्षण को सम्मानित भी करता है।' 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' देखें, इस शनिवार, रात 9:30 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर!

# सोनी सब के 'वंशज' में डीजे के शक ने युक्ति के सामने खड़े किये मुश्किल प्रश्न

सोनी सब का धारावाहिक 'वंशज' पारिवारिक बिजनेस में योग्यता के आधार पर हक दिलाने की लड़ाई दिखाता है, न कि सिर्फ लड़की होने के नाते बिजनेस सौंप देने की बात करता है। ये कहानी युविका महाजन (अंजलि तातारी) की है, जो परंपरागत सोच को चुनौती दे रही है। इस वजह से महाजन परिवार में तनाव होता है और युविका (अंजलि तातारी) और डीजे (महिर पाण्डे) के बीच कड़ी टक्कर चलती है। हाल के एपिसोड्स में युक्ति (युविका की हमशक्ल) को उसकी माँ भूमि (गुरदीप कोहली) सवाल करती है कि क्या वो सही कर रही है। साथ ही युक्ति, डीजे की मंगेतर कोयल (निशा नागपाल) के बारे में सबूत डीजे की माँ गर्गी (पारिणिता सेठ) के पास पहुँचने से पहले, युविका को वापस देना चाहती है।

आने वाले एपिसोड्स में, महाजन परिवार लंच पार्टी रखता है जिसमें युक्ति को बुलाया जाता है। लेकिन, हर कोई उस पर शक की निगाह से देखता है और उसकी असली पहचान, सोशल मीडिया पर उसकी मौजूदगी और संबंधों से सवालों के घेरे में आ जाती है। डीजे को होली का एक पुराना वीडियो मिलता है, जिसमें युक्ति (अंजलि तत्रारी) जैसी दिखने वाली एक भूरी आंखों वाली लड़की दादा जी (पुनीत इस्सर) को भागने में मदद करती हुई नजर आती है। इससे डीजे को शक होता है कि ये वही लड़की है जिसने दादा जी को भागने में मदद की थी। लेकिन युक्ति अपनी सफाई देती है कि वीडियो वाली लड़की की आंखों का रंग उससे मेल नहीं खाता, ये युविका भी हो सकती है। डीजे, दादा जी को अस्पताल से भागने में मदद करने वाली लड़की के बारे में सच जानने में नाकामयाब होकर निराश हो जाता है। वो फिर से सच उजागर करने के लिए घटनास्थल को दोबारा बनाने की कोशिश करता है, लेकिन नाकामयाब रहता है। आखिरकार, वह युक्ति की आंखों का फॉरेंसिक टेस्ट कराने का फैसला करता है।

### क्या युक्ति को डीजे की शक भरी नज़रें पकड़ लेंगी?

युक्ति मुल्तानी का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी कहती हैं, 'युक्ति इस समय कई तरह की भावनाओं का अनुभव कर रही है क्योंकि उसकी मां भूमि उसके विवेक विवेक को लेकर सवाल उठा रही है, साथ ही उसे अपनी पहचान के बारे में डीजे और पूरे महाजन परिवार के संदेह का भी सामना करना पड़ रहा है। अबाध डीजे दादाबाबू को एम्बुलेंस में ले जाने वाले उस असली चेहरे को खोजने के लिए एक के बाद एक कई जाल बुन रहा है। हालांकि, युक्ति ने भी ठान लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह डीजे को हराने के अपने लक्ष्य को किसी भी हाल में विफल नहीं होने देगी। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक देखेंगे कि कैसे युक्ति डीजे की चालों का सामना करते हुए उससे लड़ती है।'

डीजे महाजन का किरदार निभाने वाले माहिर पांधी कहते हैं, 'डीजे की हताशा तब और बढ़ जाती है जब वह सीसीटीवी फुटेज में पकड़े गए असली अपराधी की पहचान करने में फंस जाता है। उसे किसी तरह से पूरा यकीन है कि यह युक्ति है लेकिन उसके पास अपनी बात को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है और इसीलिए वह बहुत परेशान है। डीजे के लिए, उसकी छवि, गद्दी और उसकी मां बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और वह किसी को भी उनके साथ खिलवाड़ करने और इससे बच निकलने नहीं दे सकता है।'

वंशज देखते रहिए, हर सोमवार से शनिवार शाम 7 बजे और 10 बजे, केवल सोनी सब पर



# टेंट के पाइप में आया हाईटेंशन लाइन का करंट, दो की मौत, दो झुलसे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान छत्त के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है। हादसा स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ोखर इलाके की श्रीपत विहार कॉलोनी काशीपुर में गुरुवार की दोपहर 2 बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार संजू शर्मा पुत्र गुन्नू शर्मा ने हाल ही में काशीपुर स्थित श्रीपत बिहार कॉलोनी में मकान का निर्माण कराया था। गुरुवार 25 अप्रैल को गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संजू के परिवारीजनों सहित रिश्तेदार भी आए हुए थे। कार्यक्रम के लिए मकान की छत के ऊपर टेंट लगाया हुआ था। दोपहर करीब 2 बजे अचानक तेज



हवाएं चलने लगीं, जिससे छत्त पर लगा टेंट हिलने लगा। वहां मौजूद लोगों ने टेंट को गिरने से बचाने के लिए उसमें लगे लोहे के पाइपों को पकड़ लिया। इसी दौरान टेंट के ऊपरी हिस्से में लगे लोहे के पाइप से छत्त के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाईन का तार टकराया और पाइपों में तेज करंट प्रवाहित होने लगा। जिससे पाइपों को पकड़कर खड़े कपिल शर्मा 20 पुत्र श्यामबिहारी शर्मा निवासी गोरमी जिला भिण्ड, करन उर्फ रामनारायण शुक्ला 26 पुत्र मातादीन शुक्ला निवासी खड़ियाहार, विवेक शर्मा 17 पुत्र संजू शर्मा और शशिकांत पुत्र अमर शर्मा निवासी रौरियापुरा करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल चारों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां कपिल और करन उर्फ रामनारायण शर्मा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## प्रियांशी ने 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल अम्बाह की छात्रा प्रियांशी शिवहरे ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा प्रियांशी राजेन्द्र शिवहरे की भतीजी हैं। छात्रा के इस प्रदर्शन पर उनके परिजनों, विद्यालय परिवार आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गुड्डा गैंग का सदस्य रामनिवास अवैध हथियार के साथ दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** 2022 में हीरामन मंदिर के पास पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में दो साल से फरार चल रहे डकैत गुड्डा गैंग के सक्रिय सदस्य रामनिवास गुर्जर को पहाड़गढ़ पुलिस ने गुरुवार को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए हैं।



जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2022 को डकैत गुड्डा और उसकी गैंग का हीरा भुमियां मंदिर के पास पुलिस टीम से आमना-सामना हो गया था। गुड्डा के साथ उसकी गैंग का सक्रिय सदस्य रामनिवास गुर्जर भी हमले में शामिल था। हमले को लेकर पहाड़गढ़ थाने में धारा-307 सहित 11, 13 एमपीडीपीके एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस केस में रामनिवास घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। गुरुवार को पहाड़गढ़ पुलिस को सूचना मिली कि रामनिवास अपने गांव से पहाड़गढ़ की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रामनिवास को जाजीपुरा गांव के पास से दबोच लिया। उसके पास से एक 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए गए है।

***गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल***

पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरी. राजेन्द्र सिंह परिहार, एसआई एनके गौरसिया, एएसआई रामबाबू नीबोरिया, प्र.आर. श्रीधर रावत, देवेन्द्र बघेल, राजेश, आरक्षक प्रदीप जाट, अर्जुन, विजय जाट, हरेन्द्र भदौरिया, वेस्ता डोडबा, प्र.आर. चालक रामजीलाल गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल थे।

# मुझे जिताया तो विकास कार्य तेजी से होंगे: रमेश गर्ग

**बसपा प्रत्याशी ने अनेक क्षेत्रों में किया सघन जनसंपर्क**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार व केएस ग्रुप के चेयरमैन रमेश गर्ग द्वारा गत दिवस अनेक क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया गया। इस दौरान उनकी महिला टीम द्वारा भी घर-घर जाकर महिला मतदाताओं से संपर्क कर बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया। अपने जनसंपर्क के दौरान बीएसपी प्रत्याशी रमेश गर्ग ने कहा कि यदि आप लोगों ने 07 मई को हाथी के पक्ष में मतदान किया और मुझे विजयी बनाया तो क्षेत्र में विकास के कार्य और तेजी के साथ होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अंचल के लोगों का हमेशा उपयोग किया है। अब हमारे अंचल का मतदाता इनकी हकीकत जान चुका है और इनके पक्ष में मतदान नहीं करेगा। बसपा की सुप्रीमो बहिन कु. मायावती ने समाज को नई दिशा प्रदान की है। श्री गर्ग ने कहा कि बहिन मायावती 28 अप्रैल को मुरैना जनसभा के लिए आ रहीं हैं।



# परमात्मा से समीपता का एहसास कराता है भजन गायन: अमित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/अम्बाह।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर परेड अम्बाह में जैन साध्वी विश्रेय श्री माता जी के सानिध्य में बीती शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर भजन के माध्यम से भगवान की स्तुति की। इस मौके पर सभी प्रतिभागियो को सम्मानित भी किया गया। आयोजन में बोलते हुए समाजसेवी अमित जैन टकसारी ने कहा कि भजन-करना सबसे सर्वश्रेष्ठ इसलिए माना गया है, क्योंकि भजन करते समय परमात्मा से समीपता का एहसास भक्त को होता है जब भी भक्त भजन में तन्मयता से रमता, तब उसके मन के भाव निश्छलता से भर जाते हैं और मन से नकरात्मक भाव दूर होते जाते हैं। श्री टकसारी ने कहा कि भजन करने से हृदय में प्रेम-भावना और सह्रदयता भी बढ़ती है। साथ ही भजन करने से वाणी में मधुरता भी आती है।



ओपी जैन ने कहा कि जब भजन सुर और राग के साथ गाया जाता है तो ये मन के तनाव और चिंता को दूर कर देता है। मन के भाव गीत-संगीत के साथ घुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को याद करते हुए जब भजन किया जाता है तो वह मन के साथ मस्तिष्क में भी सकारात्मक ऊर्जा को भरता है। इसके साथ ही भजन गायन औषधिय तरीके से भी शरीर पर काम करता है। ये शरीर के कई रोगों को दूर करता है और शरीर को आत्मबल और शक्ति देता है। श्री जैन ने बताया कि भजन कोई बौद्धिक योग नहीं है लेकिन इसकी तरंगे जब मन की गहराई में उतरती हैं तो ये शरीर में रोग को दूर करने का काम भी करता है।वहीं आयोजन में जैन साध्वी के लिए बनने वाले शुद्ध आहार निर्माण एवं अन्य आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली बालक-बालिकाओं सहित महिलाओं का सम्मान भी इस मौके पर किया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी नीटू का पूरा परिवार कर रहा है सघन जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) द्वारा गत दिवस अनेक क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया गया। इसके साथ ही उनके परिवारीजन भी लगातार नीटू के पक्ष में जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। कांग्रेस का एक इतिहास रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने आजादी की लड़ाई में संघर्ष किया। इसी का परिणाम रहा कि अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को सिर्फ गुमराह करने का कार्य करते हैं। वह दिन दूर नहीं जब भाजपा के लोगों को मतदाता सबक सिखायेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह कि आगामी 07 मई को वे कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास एक सुनिश्चित विचारधारा है और इसी विचारधारा के आधार पर देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने सभी से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।



# महिला तस्कर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास, एक लाख का जुर्माना भी लगाया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** गांजा तस्करी के केस में एक महिला को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपये के जुर्माना की सजा से षष्ठम अपर सत्र न्यायालय मुरैना ने दण्डित किया है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की है।



घटना इस प्रकार है कि दिनांक 16-7-21 को एएसआई अजय वैसांदर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक महिला काले रंग की हुंडई कार नंबर डीएल 8/ सीएस 5957, से अबैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी में लेकर ग्वालियर से मुरैना तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर से पुलिस ने चैकिंग पोइंट लगाया और कार को पकड़ा। उसमें दो व्यक्ति एक महिला को पकड़ा। नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम अर्जुन पुत्र कुलदीप जाटव निवास बदरपुर साउथ दिल्ली, दूसरे ने पवन जाटव पुत्र प्रेमपाल निवास गौतम बुद्ध नगर एवं महिला ने सोनिया पत्नी सागर अरौरा बदरपुर साउथ दिल्ली बताया। मौके पर कार्यवाही की गई तलाशी ली तो कार में 82 किलो गांजा मिला। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन ने साक्ष्य अंकित कराई। इसी समय दोनों व्यक्ति फरार हो गये तथा महिला सोनिया के सम्बन्ध में साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा 10 वर्ष की व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा दी है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की है।

# मिट्टी धंसकने से एक युवक की मौत, एक घायल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** चंबल वाटर प्रोजेक्ट के तहत पाइप लाईन की बैल्डिंग करने तीन मीटर गहरे गड्ढे में उतरे एक युवक की मिट्टी धंसकने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। हादसा स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में लालौर रेलवे फाटक के पास होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार चंबल वाटर प्रोजेक्ट के तहत गुरुवार को लालौर रेलवे फाटक के पास पाइप बिछाने और उनको ज्वॉइंट करने का काम चल रहा था। इसी दौरान जमीन के अंदर करीब तीन मीटर गहराई पर बिछाए गए पाइप को बैल्डिंग करने के लिए मनोज भारती 40 पुत्र रामानंद भारती निवासी खोरकपुर कुशीनगर उत्तरप्रदेश और उसका साला धीरज 21 पुत्र राकेश प्रसाद गड्ढे में उतरे हुए थे। प्रोजेक्ट के अन्य कर्मचारी अजीत गुप्ता गड्ढे के बाहर खड़े हुए थे। बैल्डिंग के दौरान अचानक गड्ढे की मिट्टी धंसक गई, जिससे अंदर काम कर रहे मनोज और धीरज मिट्टी के नीचे दब गए। वहां मौजूद अजीत गुप्ता ने अन्य मजदूरों की मदद से मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मनोज भारती को मृत घोषित कर दिया। धीरज का उपचार चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# कथा श्रवण करने से मन की शुद्धि होती है: राघवाचार्य जी

**ब्रह्म बालाजी धाम जींगनी में चल रही है श्रीराम कथा**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** प्राचीनतम ब्रह्म बालाजी महाराज श्री धाम जींगनी में चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में श्री रामानुजाचार्य जगतगुरु स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज ने कथा में बताया कि कथा श्रवण करने से होती है। मन की शुद्धि और किसी प्रकार मन की शुद्ध नहीं होती, इसलिए कथा गंगा में अपने मन को धुलना चाहिए। भागीरथी गंगा जी से तन पवित्र होता है। कथा रूपी गंगा से मन पवित्र होता है। स्वामी जी ने बताया कि आप कितने भी लायक बन जाओ पर दुनिया वाले आप में कमी निकालते ही रहेंगे। अगर लायक बनना है तो भगवान के लिए लायक बनना, क्योंकि भगवान आपकी योग्यता नहीं देखते। आपकी भक्ति को देखते हैं इसलिए लायक बनना है तो भगवान के लिए लायक बनना। स्वामी जी ने बताया लक्ष्मण जी भगवान की नित्य सैया स्वामी जी ने बताया कि राम जी गुरु जी के सोने के बाद ही सोते थे, जागने से पहले ही जागते थे। स्वामी जी ने बताया ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार 12 बरस की उम्र तक हो जाना चाहिए। जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। स्वामी जी ने बताया कि जिस गांव में साधु-संतों का जन्म होता है वह तीर्थ हो जाता है।



# जौरा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

## मतदान हमारी आवश्यकता भी और अधिकार भी: शर्मा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/जौरा।** लोकतांत्रिक परंपराओं में मतदान का विशेष महत्व होता है। भारतवर्ष संपूर्ण विश्व का सबसे बड़ा और सबसे सफल लोकतंत्र है और लोकतंत्र की सफलता के लिए अधिक से अधिक मतदान करना आवश्यक है। यह बात मतदाता जागरूकता रैली को शुरू करने से पहले विकासखंड अधिकारी जौरा जिला मुरैना बीके शर्मा ने कही। आज नगर के इस्लामपुरा स्थित टाउन हॉल में विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के बालक बालिकाओं शिक्षक शिक्षिकाओं की जागरूकता रैली और 'जौरा वोट करेगा' का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुबह बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर बुलाया गया वहां विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न हुईं। इस संपूर्ण कार्यक्रम में विकासखंड अधिकारी जौरा बीके शर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संभागीय उपाध्यक्ष




एलएन त्यागी और जिला अध्यक्ष मुरैना विद्याराम प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। इस संपूर्ण रैली में नगर परिषद जौरा का भी योगदान रहा जगह-जगह पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। टाउन हॉल से बालक-बालिकाएं रैली के रूप में निकले 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो' 'मतदान हमारा कर्तव्य भी अधिकार भी' 'मतदान निष्पक्ष हो मतदान शत-प्रतिशत हो' जैसे गगनचुंबी नारे लगाते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से निकले और रैली का समापन नगर परिषद जौरा प्रांगण में हुआ। नगर परिषद जौरा के सीएमओ रेहान अली जैदी एवं इंजीनियर ऋषिकेश शर्मा ने रैली का फूलमालाओं से स्वागत कर अगवानी की। इस अवसर पर नगर के विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के संचालक बालक-बालिकाएं ने उत्साह दिखाया। एचएल हायर सेकेंडरी से एलएन त्यागी, प्रियंका हायर सेकेंडरी से विद्याराम प्रजापति, बीआर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल से मीरा प्रजापति, सेंट्रल एकेडमी जौरा से विनोद शर्मा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी के छात्र और उनके शिक्षक विनोद बघेला का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीराम शर्मा, अजय झा, देवेंद्र त्यागी, जितेंद्र त्यागी, प्रमोद शर्मा, प्रजापति शंकर लाल, पंकज कुलश्रेष्ठ, ओपी शर्मा, राकेश वशिष्ठ, मनोज वशिष्ठ, प्रवीण त्यागी, अजय शर्मा, महेश सविता, द्वारका शाक्य, दीपक गोस्वामी, मुनेश जाटव, बच्चन सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में 204688 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन, 2024 के तहत चुनाव गतिविधियां संचालित है। मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में 20 लाख 4 हजार 688 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग 07 मई को करेंगे। इसके लिये संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 362 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिनमें मुरैना जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 1706 मतदान केन्द्र और श्योपुर जिले की 2 विधानसभा क्षेत्रों में 656 मतदान केन्द्र बनाये गये है।

इन मतदान केन्द्रों पर 10 लाख 70 हजार 467 पुरूष मतदाता और 9 लाख 34 हजार 198 महिला मतदाता एवं 22 अन्य मतदाता है। मुरैना संसदीय क्षेत्र में इपिक रेश्यो 60.99 और जेण्डर रेश्यो 890 बताया गया है।

रिटर्निंग अधिकारी अंकित अस्थाना ने बताया कि श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 59 हजार 859 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 33 हजार 931 पुरूष, 1 लाख 25 हजार 927 महिला एवं एक अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 60.16 और जेण्डर रेश्यो 940 बताया गया है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 54 हजार 312 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 33 हजार



427 पुरूष, 1 लाख 20 हजार 883 महिला एवं एक अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 61.25 और जेण्डर रेश्यो 906 बताया गया है।

सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 34 हजार 649 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 25 हजार 71 पुरूष, 1 लाख 9 हजार 576 महिला एवं 2 अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 61.57 और जेण्डर रेश्यो 876 बताया गया है।

जौरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 63 हजार 915 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 41 हजार 669 पुरूष, 1 लाख 22 हजार 239 महिला एवं 7 अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 61.45 और जेण्डर रेश्यो 863 बताया गया है।

सुमावली विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार मतदाता है, जिनमें 1 लाख 40 हजार 460 पुरूष, 1 लाख 16 हजार 545 महिला मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 62.65 और जेण्डर रेश्यो 830 बताया गया है।

मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 64 हजार 134 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 43 हजार 35 पुरूष, 1 लाख 21 हजार 91 महिला एवं 8 अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 61.35 और जेण्डर रेश्यो 847 बताया गया है।

दिमनी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 32 हजार 323 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 25 हजार 796 पुरूष, 1 लाख 6 हजार 527 महिला मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 60.23 और जेण्डर रेश्यो 847 बताया गया है।

अम्बाह विधानसभा क्षेत्र (अनु.जाति) में 2 लाख 38 हजार 496 कुल मतदाता है, जिनमें 1 लाख 27 हजार 78 पुरूष, 1 लाख 11 हजार 415 महिला एवं 3 अन्य मतदाता है। जबकि इपिक रेश्यो 60.34 और जेण्डर रेश्यो 877 बताया गया है।

# भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी की कथा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** बांसी की पुलिया स्थित डंडोतिया फार्म हाऊस किशननगर मे श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन श्रीमद् वल्लभाचार्य पीठ म थुरा के कृपापात्र शिष्य पं कृष्णकांत खैमरिया कान्हा महाराज कर रहे हैं। कथा के दौरान कथावाचक कान्हा महाराज ने कथा के सातवे दिन भगवान श्री कृष्ण के विवाहो का प्रसंग, पांडवों का राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं भागवत सार आदि कथा को सुनाया गया। कथावाचक कान्हा महाराज ने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक-दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। सुदामा चरित्र जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा अर्थात् निःस्वार्थ समर्पण की असली मित्रता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय मित्र सुदामा जो कि अत्यधिक निर्धन थे, लेकिन कृष्ण के नाम का प्रकार की याचना नहीं की और और उनके इसी स्वभाव से प्रसन्न होकर है। वह सुख प्रदान किया बचपन के मित्र सुदामा पर कृपा करके भगवान ने





बहुत सारा धन उनके पास था, कभी किसी के पास उन्होंने जाकर किसी भी भगवान ने उनको धरती और स्वर्ग में रहने वाले राजाओं को जो सुख मिलता मानो यह संदेश दिया कि मित्र के सुख-दुख को देखकर अपने पहाड़ जैसे दुख को भी भूल कर मित्र की सहायता करना ही सच्ची मित्रता कहलाता है। मित्रता वह नहीं है जो हमें गलत आदतों में डाले बुरी संगत में डाले इसलिए मित्र भी बनाओ तो बड़े सोच समझकर और जो तुम्हें ऊंचाइयों का रास्ता दिखाइए, वही सच्चा मित्र होता है। सुदामा जी जब द्वारिका पहुंचे उस समय भजन के माध्यम से कोई घनश्याम से कहदो तुम्हारा यार आया है। सुदामा यार आया है गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। जब सुदामा जी को भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सिंहासन पर बिठाया और भगवान ने सुदामा के पैरो को अपने आंसुओं के जल से धोया देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करिके करुणानिधि रोये पानी परात को हाथ छुओ नही नैनन के जल सो पग धोये कथावाचक ने कथा का भाव परीक्षित मोक्ष की तरफ मोड़ते हुए कहा कि 7 दिनों तक कथा सुनने के बाद जब शुकदेव जी द्वारा परीक्षित से पूछा गया कि यदि तुम्हें तक्षक नाग डसेगा तो क्या तुम मरोगे तब राजा परीक्षित ने कहा कि हे भगवान मैं तो श्रीमद् भागवत कथा सुनकर मुक्त हो गया हूं अब तो यह शरीर नश्वर है वही नष्ट होगा मैं तो भगवान श्री कृष्ण की कथा सुनकर स्वतः ही मुक्त हो गया हूं। महाराज श्री ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा हुए कथा को विश्राम दिया कथा के परीक्षित सेवाराम भगत जी है। कथास्थल पर श्रोताओ की भीड़ उमड़ रही है। आपको विदित हो कथा वाचक पं. कान्हा महाराज के द्वारा यहां 200वीं भागवत कथा का वाचन किया गया। कथा मनोरथी परीक्षित श्रीमती शान्ति देवी - ठा. किशनसिंह डंडोतिया निवेदक राजेश डंडोतिया, रामअवतार (बंटी) डंडोतिया बी.आर कंस्ट्रक्शन कम्पनी है।

# मुरैना के कसस जिला अध्यक्ष बने दामोदर सिंह सिकरवार

**ग्वालियर।** आदमी जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ के संस्थापक प्रांत अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र ने संघ के बायोलॉज में दिए प्रावधान एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मुरैना के आदिम जाति कल्याण विभाग के शिक्षक अधीक्षक दामोदर सिंह सिकरवार को मिले समर्थन तथा संघ की सदस्यता उपरांत मुरैना जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। कसस के संस्थापक प्रांत अध्यक्ष डॉ अग्र ने दामोदर सिंह सिकरवार को पत्र सौंपते हुए बधाई दीतथा जिला कार्यकारिणी का 15 दिवस में गठन कर प्रात्त से अनुमोदित कराकर घोषित करने के निर्देश भी दिए।



नियुक्ति पत्र सोपतें समय चंबल संभाग मुरैना के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण दोहरे, अरिहंत लाल जैन, घनश्याम पाल, प्रेम नारायण उपस्थित थे। विकास गुप्ता ने नवनियुक्त मुरैना के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह सिकरवार को मुरैना का अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई दी। बधाई देने वालों में उत्तम कुमार बंसोरिया कुलश्रेष्ठ मुरैना के पूर्व जिला अध्यक्ष साहब सिंह तोमर जी और संघ हित तथा विभाग के शिक्षक अधीक्षक अध्यापक छात्रावास आश्रम की समस्या को लेकर संघर्ष करने का आश्वासन दिया और कहा कि किसी को भी किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी वह हमारे साथियों को यदि कोई मुरैना में पीड़ित करता है परेशान करता है तो किसी भी कीमत में बक्सा नहीं जाएगा उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी और शिक्षक अधीक्षक अध्यापक के साथ-साथ छात्रावास आश्रमों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

# 150 खुले नलकूपों की जानकारी प्रशासन के पास, बंद कराने का काम जारी

**ग्वालियर।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी नगरीय निकाय व जनपद पंचायत स्तर पर समितियाँ गठित की गई हैं। साथ ही खुले बोर, नलकूपों व कुओं की जानकारी लेने के लिये कंट्रोल रूम भी गठित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम पर गत 24 अप्रैल तक 150 खुले नलकूपों की जानकारी प्राप्त हुई है। इन खुले नलकूपों को भरने का काम जारी है।




कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी संबंधित अधिकारियों को अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल को पुख्ता ढंग से सुरक्षित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अप्रिय घटना की संभावना न रहे। कार्यपालन यंत्री पीएचई कोचर ने बताया कि जिले की समस्त जनपद पंचायतों, नगर पालिका एवं नगर परिषद के लिए गठित कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी जिला समन्वयक पीएचई अंकुर जैन को सौंपी गई है, उनका मोबाइल फोन नम्बर 9907687590 है। इसी तरह नगर निगम ग्वालियर के लिए गठित कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी का दायित्व उपयंत्री जल प्रदाय उपेन्द्र पहाड़िया को सौंपा गया है। इनका मोबाइल फोन नम्बर 9425111282 है। यदि किसी के संज्ञान में कोई खुला नलकूप हो तो कंट्रोल रूम में इसकी सूचना दे सकता है।

इन दोनों कंट्रोल रूमों में दूरभाष व वॉट्सएप इत्यादि के माध्यम से आम जन से खुले नलकूपों व कुँओं के संबंध में प्राप्त सूचनाओं व शिकायतों की जानकारी कंट्रोल रूम प्रभारी प्रतिदिन संकलित कर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड ग्वालियर को उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यपालन यंत्री द्वारा संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर इन समस्याओं व शिकायतों का निराकरण कराया जा रहा है।

# कटोराताल पर कल होगी चुनावी राहगीरी, तैयारियां पूर्ण

**ग्वालियर।** थीम रोड़ कटोराताल पर कल शनिवार 27 अप्रैल की सुबह अलग ही नजारा होगा। इस दिन यहाँ आयोजित होने जा रही ÷चुनावी राहगीरी÷ में संगीत, नृत्य, जुम्बा डांस, एडवेंचर गेम्स, रंगोली व पेंटिंग, मार्शल आर्ट, सामूहिक स्कैटिंग, क्विज, ओपन माइक व बीएसएफके बैंड की प्रस्तुति सहित अन्य मनमोहक कार्यक्रम होंगे। साथ ही पारंपरिक स्वादिष्ट व लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केन्द्र होंगे।



जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत जारी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में ÷चुनाव का रंग मतदाताओं के संग÷ थीम पर शनिवार की सुबह प्रातरू ठीक 7 बजे ÷चुनावी राहगीरी÷ शुरू होगी। इस आयोजन में शहरवासियों से बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरूवार को इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर पेयजल की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि हर प्रस्तुति में आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने आयोजन स्थल पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। साथ ही एहतियात बतौर फायर ब्रिगेड का इंतजाम भी आयोजन स्थल पर अवश्य करें।

कटोराताल थीम रोड़ पर आयोजित होने जा रहीं प्रस्तुतियों एवं कार्यक्रम की थीम के बारे में एक दृ एक कर बैठक में जानकारी ली गई। बैठक में जानकारी दी गई कि ÷चुनाव राहगीरी÷ में बच्चे, महिलाएँ, युवा व बुजुर्ग सभी की रुचि को ध्यान में रखकर कार्यक्रम शामिल किए गए हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, अपर आयुक्त नगर निगम विजय राज व मुनीष सिकरवार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों सहित ÷चुनावी राहगीरी÷ में कार्यक्रम प्रस्तुत करने जा रहीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# विप्रा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, मरीजों की निःशुल्क जांचें भी हुई



ग्वालियर। विप्रा ब्राह्मण महिला मंच के तत्वावधान में कटोराताल स्थित निजी क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर में डॉ. रामेश्वर गुप्ता ने हड्डियों की जांच की। वहीं छाती रोग, स्त्री रोग, दांतों का चेकअप, मलेरिया, शुगर, बीपी की जांच, ईसीजी, पैप्स ईस्मीयर व अन्य जांचें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की गई। साथ ही रोगियों को उचित परामर्श देते हुए निशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई।

शिविर में डॉ. रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि आजकल सभी महिलाओं और बुजुर्गों में हड्डियों की समस्या बहुत देखी जा रही है। जिसके लिए हड्डियों की जांच समय समय पर करवाना बहुत जरूरी है। बीएमडी जांच हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए इस टेस्ट के जरिए अल्ट्रासोनिक मशीन की मदद से हड्डियों के घनत्व यानी डेसिटी को परखा जाता है। साथ ही हड्डियों की कमजोरी की वजह का इस मशीन द्वारा पता लगाया जाता है। इस अवसर पर कल्पना त्रशीश्वर, अनीता देपुरिया, सीमा दुबे, ज्योति शर्मा, सुमन तिवारी, वंदना शर्मा, उमा तिवारी, मुन्नी तिवारी, अर्चना शर्मा, किरन मिश्रा, सपना कुशवाह, छोटी बाई, आरती चौहान, मुस्कान, मीता अग्रवाल, सत्तर अग्रवाल, प्रेम बाई, चंद्रशेखर, शिवरान, नीतू उपमन्यु, पल्लवी शर्मा, कल्पना पाठक, निधि भार्गव, देवेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# अग्रवैश्य मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह 20 मई को

ग्वालियर। अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन तीन दिवसीय श्री महाराजा अग्रसेन समर मेले के पहले दिन 20 मई को परीक्षाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान करेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि अग्रवैश्य मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह 20 मई को तोरण वाटिका में सायं 7 बजे से होगा। जिसमे तीसरी क्लास से सातवीं कक्षा में 80 प्रतिशत नम्बर प्राप्त करने वाले बच्चों, आठवीं क्लास से बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत नम्बर प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान किया जायेगा। श्री ऐरन ने बताया कि सम्मान समारोह के लिये एक बैठक भी हुई। इसमे विभिन्न निर्णय लिये गये है। बैठक में आनन्द अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मुकेश सिंघल, जेपी अग्रवाल, अनिल गर्ग, ओमप्रकाश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, नुपुर गोयल, प्रीती बिंदल, मीरा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, साधना गोयल, रेनू मंगल, शशि गर्ग, पूर्णिमा अग्रवाल, कविता मंगल, पदमा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, दीप्ती बंसल हर्षिनी जैन आदि उपस्थित थे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर हुई कार्यशाला, निकाली रैली

ग्वालियर। विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया के मार्गदर्शन में मलेरिया कार्यशाला का आयोजन जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया। साथ ही जन जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद कुमार दोनेरिया ने सभी मलेरिया एवं ऐम्बेड कर्मचारियों की बैठक भी ली।




# सर्विक्स कैंसर वैक्सीन कैंप लगाया गया





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** विगत दिवस इनर व्हील क्लब मुरैना, भारत विकास परिषद शाखा मुरैना एवं जिला माहेश्वरी महिला संगठन मुरैना के संयुक्त तत्वाधान में सर्विक्स कैंसर वैक्सीन कैंप का आयोजन पार्वती नर्सिंग होम मुरैना में किया गया। इस कैम्प में कैम्प कॉर्डिनेटर डॉ. सुधा माहेश्वरी, नेशनल कॉर्डिनेटर डॉ. यशोदा गोड़ (ग्वालियर) सर्वाइकल कैंसर एलिमिनेशन प्रोजेक्ट (एचओडी) ऑब्सट एंड गायनिक गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर उपस्थित रही। पूर्ण निर्धारित रजिस्ट्रेशन के आधार पर कुल तीस रजिस्ट्रेशन किए गए। जिसमें 18 महिलाएं एवं 12 बच्चियों को वैक्सीन का फर्स्ट डोज लगवाया गया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की अध्यक्षा श्वेता माहेश्वरी, सचिव अर्चना शर्मा एवं जिला माहेश्वरी महिला संगठन के सदस्य, इनर व्हील क्लब की अध्यकक्षा पूजा मोदी एवं डॉ. हेमा सिंघल, करुणा जैन, वीना मोदी, मोना माहेश्वरी, निशा तिवारी, अर्चना शर्मा, कंचन यादव, अस्मिता जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंप की कोऑर्डिनेटर डॉ. सुधा महेश्वरी को डॉ. यशोदा गोड़ के द्वारा एचपीव्ही चैंपियन सकर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। उपस्थित डॉ. यशोदा गोड़ के द्वारा विस्तृत रूप से सर्विक्स कैंसर के बारे में बताया गया एवं कब और किस समय इसका वैक्सीनेशन कराया जाना चाहिए और क्या इसकी महत्तता है। इस विषय पर संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई एवं उपस्थित सदस्यों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी संतुष्टि पूर्वक उत्तर दिया। वैक्सीन का दूसरा डोज आगामी 2 माह बाद पुनः लगाया जाएगा।




## निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारो के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

# महावीर जयंती व हनुमान जयंती के अवसर पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने प्रसाद वितरण किया



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**ग्वालियर।** महावीर जयंती एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भारत-तिब्बत सहयोग मंच के सदस्यों एवं अन्य उपस्थित लोगों ने प्रसादी एवं शीतल शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच मध्य प्रदेश एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यालय शीतल मार्केट दुर्गा कॉलोनी हेम सिंह की परेड पर भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रांत अध्यक्ष एवं अधिवक्ता मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट के संरक्षण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की साज-सज्जा एवं व्यवस्था राधेश्याम वेडिंग प्लानर की वैष्णवी अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन अभय दोहरे एवं अन्य सदस्य ने किया। कार्यक्रम में भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रदेश महामंत्री अर्जुन भैया एवं विश्व हिंदू परिषद के मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत दुबे एवं शीतला मंदिर के महंत मजबूत सिंह गुर्जर, राजेंद्र सिंह गुर्जर, मनोज जैन एवं पवित्र लालवानी, हेमंत तोमर, डॉ. राजोरिया, अन्य सदस्यों उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों में राम भक्ति का जोंस देखने को मिला एवं जय श्रीराम के नारे लगाते हुए सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रसादी एवं शीतल शरबत वितरण किया।

# कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर से बरामद की 21 पेटी अवैध शराब

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले में अवैध शराब / माद्यक पदार्थों की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब का भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एव नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक आलोक सिह परिहार थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी को आज दिनांक 24.04.2024 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि राधाकृष्ण कॉलोनी अम्बाह बायपास मुरैना निवासी एक आरोपी अपने घर पर बने आर.ओ. वाटर प्लांट से अवैध शराब की तस्करी एवं बेचने का कारोबार कर रहा है। उक्त आरोपी शातिर किस्म का है। मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मय हमराह फोर्स के साथ उक्त आरोपी के घर राधाकृष्ण कॉलोनी अम्बाह बायपास मुरैना पर दबिश दी गई व उसके घर की तलाशी ली तो उसके घर से 21 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (ब्लेंडर प्राइड, रॉयल स्टेग) कुल कीमती करीबन 2,50,000/- की रखी हुई मिली। उक्त शराब के सम्बन्ध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से मौके पर से अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 279/24 अंतर्गत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सीमा से बाहर किया तीन जिलाबदर आरोपियों को










**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिला मुरैना के समस्त थाना क्षेत्र के ऐसे आपरादिक तत्वों जिनके विरूद्ध 02 या 02 से अधिक अपराध है अथवा ऐसे आपराधिक त्तव जो आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में परेशानी उत्पन्न कर सकते हैं, उनके विरूद्ध जिलाबदर अथवा एन.एस.ए. की कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारीगण जिला मुरैना को निर्देशित किया गया, जिसके तारतम्य में थाना माताबसैया क्षेत्र के शिव सिंह उर्फ शिब्बू पुत्र जसमन्त सिंह कुशवाह उम्र 46 साल निवासी ग्राम माताबसैया, युवराज उर्फ शिवानी पुत्र सुरेन्द्र सिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम विचोली एवं महेश पुत्र मानपाल जाटव उम्र 42 साल निवासी ग्राम रसीलपुर को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर करते हुए जिलाबदर का अंतिम आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के पालन मे आद्यतन अपराधी शिव सिंह उर्फ शिब्बू पुत्र जसमन्त सिंह कुशवाह उम्र 46 साल निवासी ग्राम माताबसैया, युवराज उर्फ शिवानी पुत्र सुरेन्द्र सिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम विचोली एवं महेश पुत्र मानपाल जाटव उम्र 42 साल निवासी ग्राम रसीलपुर थाना माताबसैया जिला मुरैना को थाना माताबसैया पुलिस द्वारा एक वर्ष के लिये मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर रहने की समझाइश देकर जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा छोड़ा गया। उक्त आद्यतन अपराधी शिव सिंह उर्फ शिब्बू पुत्र जसमन्त सिंह कुशवाह उम्र 46 साल निवासी ग्राम माताबसैया पर 08 अपराध पंजीबद्ध है। युवराज उर्फ शिवानी पुत्र सुरेन्द्र सिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम विचोली पर 06 अपराध पंजीबद्ध हैं एवं महेश पुत्र मानपाल जाटव उम्र 42 साल निवासी ग्राम रसीलपुर पर 08 अपराध पंजीबद्ध हैं।

***सराहनीय योगदान***

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी माताबसैया जयपाल सिंह गुर्जर, सउनि योगेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गादीपाल, आरक्षक वीर सिंह, दीपेन्द्र, सौरभ प्रदीप की सराहनीय भूमिका रही।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435